माघ शुक्ल पक्ष-5, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 280 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
26 मार्च 2024 मंगलवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




Page- 7

## भोजशाला में आज पूजा व सर्वे साथ-साथ

**धार, एजेंसी।**

धार स्थित भोजशाला में आज मंगलवार को एएसआई की सर्वे टीम फिर सुबह सर्वे करनी फिर पहुंच गई है। सर्वे का आज पांचवां दिन है। बीते दिन होली की वजह



से मजदूर कम आए थे, जिसके चलते 7 घंटे ही परिसर में सर्वेक्षण चला। आज एएसआई दिल्ली और भोपाल के आला अधिकारी सुबह 7 बजे भोजशाला परिसर में पहुंच चुके हैं। चूंकि आज मंगलवार को सत्याग्रह का दिन भी है। इसके तहत भोजशाला में हनुमान चालीसा और अन्य पाठ भी किए गए। हिंदू समाज को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा पूजा-अर्चना की अनुमति है। सुरक्षा जांच के बाद बड़ी संख?या में श्रद्धालु भोजशाला में पहुंचे । पूजा के बाद बाहर आए श्रद्धालुओं ने कहा कि सर्वे के फैसले से हिंदू समाज खुश है। यहां सत्याग्रह 1952 से लगातार चल रहा है। सुबह से लेकर शाम तक पूजा जारी रहेगी।

## आप को इजाजत नहीं, कई मेट्रो स्टेशन हुए बंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कथित शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार के विरोध में आम आदमी पार्टी के आज पीएम आवास पर विरोध प्रदर्शन के एलान के चलते दिल्ली में सुरक्षा कड़ी है। दिल्ली पुलिस ने आप को प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी है लेकिन एहतियातन कई मेट्रो स्टेशन बंद कर दिये हैं। वहीं पार्टी ने 'मोदी का सबसे बड़ा डर-केजरीवाल' कैंपेन की शुरुआत की है। कैंपेन के तहत आम आदमी पार्टी के सभी नेता-कार्यकर्ता अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी बदलेंगे। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल की चिंगारी को, उनकी प्रेरणा को घर घर तक पहुँचाएगा ये सोशल मीडिया कैंपेन हैं। वहीं, सभी विपक्षी दलों ने 31 मार्च को रामलीला मैदान में रैली का आयोजन करने की भी घोषणा की है।

### छिंदवाड़ा से नकुलनाथ ने पर्चा भरा, कल पहुंच सकते हैं अमित शाह

# आखिरी गढ़ को बचाने शाह और मात का खेल शुरू, कल शक्तिप्रदर्शन के आसार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में पहले चरण की महत्वपूर्ण सीट छिंदवाड़ा पर आज से सियासत गरमा रही है। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नकुलनाथ ने आज नामांकन दाखिल कर दिया। कल वे अपने पिता कमलनाथ के साथ छिंदवाडा में बड़ा रोड शो कर रहे हैं। खास बात यह है कि कल गृहमंत्री अमित शाह के भी छिंदवाड़ा पहुंचने के आसार हैं, क्योंकि भाजपा उम्मीदवार बंटी साहू नामाकंन दाखिल करेंगे। इस मौके पर सीएम मोहन यादव समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहेंगे। मंत्री प्रहलाद पटेल भी आज छिंदवाडा में रहेंगे। दरअसल, भाजपा ने छिंदवाड़ा को प्रतिष्ठा की सीट बना रखा है। अमित शाह पहले भी कई बार छिदवाड़ा आकर यहां भाजपा के लिये जमावट करते रहे हैं। पिछली बार नकुलनाथ यहां मामूली अंतर से जीते थे।

नाथ ने आज नामांकन के पहले हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। फिर पूर्व मुख्यमंत्री और पिता कमलनाथ की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी , विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना शामिल हुए। खास बात यह है कि दीपक सक्सेना ने हाल ही में कांग्रेस से सभी पदों से इस्तीफा दिया है और उनके बेटे अजय ने भाजपा की सदस्यता ली है, लेकिन कमलनाथ ने कल ही दीपक सक्सेना से मुलाकात की जिसके बाद अब वो रैली में शामिल हुए। आज नाथ ने कहा कि मुझे छिंदवाड़ा की जनता पर पूरा विश्वास है कि वे सच्चाई का साथ देंगे। मेरा संबंध छिंदवाड़ा की जनता से राजनीतिक नहीं पारिवारिक है। उधर, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. शेषराव यादव ने बताया कि इस रैली में गृह मंत्री अमित शाह के आने का भी कार्यक्रम बन सकता है। इधर, आज मुख्यमंत्री मोहन यादव सागर और चाचौड़ा के प्रवास पर हैं।







### भाजपा-अकाली दल में नहीं बनी बात

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। भाजपा और अकाली दल में सहमति नहीं बन पाई है। शिरोमणि अकाली दल की कोर कमेटी में पारित प्रस्ताव से पंजाब में अकाली दल और भाजपा के गठबंधन पर प्रश्नचिह्न लग गया है। भाजपा को अकाली दल की कोर कमेटी के पारित प्रस्ताव में कई मुद्दों पर सख्त आपत्ति थी। कारण यह था कि कई मुद्दे राष्ट्रवाद से जुड़े हुए हैं। जिसमें एनएसए को खत्म करने, फिरोजपुर व अटारी बॉर्डर को खोलने जैसे मुद्दों पर भाजपा अकाली दल से सुर नहीं मिला रही था।

### बिहार से लेकर पंजाब तक फंसे पेंच, उलझी भाजपा व कांग्रेस !

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नामांकन की अंतिम घडी कल है। इस बीच देश में कई राज्य ऐसे हैं जहां गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीटों का विवाद नहीं थम रहा है। इसमें बिहार,उप्र से लेकर पंजाब तक शामिल हैं। बिहार में विपक्षी महागठबंधन में सीटों का बंटवारा कई पेंच आने से उलझ गया है। यहां लोकसभा की 40 सीटें हैं और गठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के साथ ही कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियां भी शामिल हैं। कुछ सीटें ऐसी हैं जिन पर कांग्रेस और आरजेडी, दोनों ही दल दावा कर रहे हैं तो वहीं कुछ सीटों पर लेफ्ट भी दावा कर रहा है। जिन सीटों को लेकर महागठबंधन में सीट शेयरिंग फंसा हुआ है, उनमें औरंगाबाद, बेगूसराय, कटिहार, सिवान के साथ ही पूर्णिया और कटिहार की सीटें हैं। आरजेडी ने औरंगाबाद से उम्मीदवार भी उतार दिया है, जिससे कांग्रेस नाराज है। बेगूसराय भी फंसी है। जब लालू ने उम्मीदवारों का एकतरफा ऐलान शुरू किया तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने अवधेश राय को टिकट दे दिया। पूर्णिया लोकसभा सीट पर भी आरजेडी-कांग्रेस में खींचतान है। कांग्रेस इस सीट से पप्पू यादव को उतारना चाहती हैं, वहीं आरजेडी बीमा भारती को। यादव ने हाल ही में अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया है लेकिन बीमा भारती भी विधायक रहते जेडीयू छोड़कर लालू की पार्टी में आई हैं। सिवान से अवधबिहारी चौधरी आरजेडी से टिकट के दावेदार हैं तो कांग्रेस तारिक अनवर के लिए कटिहार की सीट चाहती।

### महाकाल मंदिर हादसे की जांच शुरू

## गुलाल का स्प्रे और चांदी की दीवार पर लगे कपड़े से भभकी आग!

**उज्जैन, एजेंसी।**

महाकाल मंदिर के गर्भगृह में आग लगने के मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। कलेक्टर नीरज सिंह ने कहा है कि तीन दिन में रिपोर्ट मिल जाएगी। इस बीच प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि श्रृंगार के बाद कपूर आरती के दौरान स्प्रे से गुलाल उड़ाने पर आग भभकी थी। चांदी की दीवार पर लगाए गए कपड़े के कारण आग तेजी से फैली और पुजारियों और सेवकों को चपेट में ले लिया। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि आग आखिर कैसे लगी।



उल्लेखनीय है कि महाकाल मंदिर के गर्भगृह में सोमवार सुबह भस्म आरती के दौरान आग लगी थी। इसमें पुजारियों सहित कुल 14 लोग घायल हो गए थे। भस्म आरती दर्शन के लिए नंदीहाल, गणेश और कार्तिकेय मंडपम् में दो हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद थे। आग लगने पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी। कर्मचारियों ने स्थिति पर काबू पाया। अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। नौ पुजारियों, सेवकों को इंदौर रेफर किया गया। कलेक्टर के अनुसार सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। सभी का बेहतर इलाज किया जा रहा है। तीन पुजारियों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है।

## अब बिगड़े फोटो संवार देगा व्हाट्सएप एआई फीचर की तैयारी



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

वॉट्सऐप का अब एक नया फीचर पेश किया जा रहा है यह वह है जिसकी सभी आम यूजर्स को जरूरत महसूह होती थी। इसकी मदद से यूजर्स अपनी बेकार फोटो को भी खूबसूरत बना पाएंगे। दरअसल वॉट्सऐप में जल्द एआई फीचर्स दिये जाने की तैयारी है। जिसके जरिए यूजर्स वॉट्सऐप फोटो को एडिट कर पाएंगे। इसके अलावा वॉट्सऐप यूजर्स को पर्सनलाइज्ड एक्सपीरिएंस मिलेगा। दरअसल बैकड्रॉप एआई टूल की मदद से यूजर्स अपने फोटो का बैकग्राउंड चेंज कर पाएंगे। यानि कई बार आप ऐसे बैकग्राउंड में फोटो क्लिक कर लेते हैं, तो उसे एआई फीचर की मदद से हटाया जा सकेगा। एआई एडिटिंग टूल के लिए अन्य ऐप की जरूरत नहीं होगी। यह टूल वॉट्सऐप में इनबिल्ड रहेगा। इसके अलावा यूजर्स अपनी फोटो आर्टिस्ट लुक दे पाएंगे। इसके अलावा वॉट्सऐप पर फोटो को क्रॉप करके जरूरी ऑब्जेक्ट को हाइलाइट कर पाएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वॉटसऐप के अपकमिंग फीचर का स्क्रीनशॉट शेयर किया गया है, जिससे साफ होता है कि वॉट्सऐप यूजर्स को जल्द एक इन-ऐप एडिटिंग फीचर दिया जाएगा। इसमें बैकड्रॉप, कलर चेंज, और क्रॉपिंग, के साथ फोटो एक्सपैंड की सुविधा मिल सकती है। वॉट्सऐप चलाने का अब मजा आएगा।

**बीटा वर्जन हुआ जारी:** वॉट्सऐप के अपकमिंग फीचर को एंड्रॉइड बीटा वर्जन 2.24.7.13 में स्पॉट किया गया है। बता दें कि फिलहाल वॉट्सऐप का अपकमिंग फीचर डेवलपिंग फेज में हैं, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही इसके स्टेबल वर्जन को सभी यूजर्स के लिए रोलआउट किया जा सकता है। हाल ही में ऐलान किया गया है, जो वॉट्सऐप के स्टेट्स में 30 सेंकेंड की जगह 1 मिनट के वीडियो को लगा पाएंगे।

## 29 मार्च को फिर मौसम बिगड़ने वाला है...

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मार्च के महीने में अब चौथी बार मध्यप्रदेश का मौसम बदलेगा। 29 मार्च को एक्टिव हो रहे वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, जबकि बादल भी छा सकते हैं। इससे पहले तेज गर्मी का असर रहेगा। अब तक के ट्रेंड के अनुसार, कई शहरों में पारा 40 डिग्री के पार भी पहुंच सकता है। उल्लेखनीय है कि हाल के साल में मार्च महीने में तेज गर्मी, बारिश और ओले का ट्रेंड रहा है। कुछ ही दिन पूर्व पूर्वी मप्र में जोरदार बारिश हो चुकी है। हालांकि इससे भोपाल संभाग बचा रहा था। बीते दो दिन से भोपाल में तीखी गर्मी पड़ रही है। होली के दिन भी तेज धूप सुबह दस बजे से महसूस की जाने लगी थी।

## जेल से आईसीयू पहुंचा मुख्तार, हालत गंभीर



**बांदा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बांदा जेल में बंद माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की तबीयत खराब हो गई है। उसने पिछले दिनों स्लो प्वॉइजन देने का आरोप लगाया था। बांदा जेल में बंद मुख्तार की तबीयत बिगड़ने के बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसका इलाज आईसीयू में वेंटिलेटर पर चल रहा है। हालांकि, इस मामले में जिला प्रशासन, पुलिस और जेल प्रशासन की ओर से अब तक कोई बयान सामने नहीं आया है। दो दिन पहले मुख्तार अंसारी की सुरक्षा में लापरवाही को लेकर एक जेलर और दो डिप्टी जेलर सस्पेंड किया जा चुके हैं। मामला सामने आने के बाद जांच की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। मुख्तार के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। मऊ विधायक और मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी ने जेल से तार संदेश भेजकर पिता की हालत के बारे में परिजनों को सूचना भेजी है।

**मेट्रो एंकर**

### ग्लोबल रिच लिस्ट, अरबपतियों के मामले में निकली आगे

# बीजिंग को पछाड़ने में कामयाब हुई आमची मुबंई

**मुंबई, एजेंसी।**

देश की व्यवसायिक राजधानी मुंबई अब पहली बार एशिया की अरबपतियों की भी राजधानी बन गई है, क्योंकि मुंबई में अब बीजिंग से ज्यादा अरबपति हैं। हुरुन रिसर्च की 2024 ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में बीजिंग में 91 के मुकाबले 92 अरबपति हैं। हालांकि, अगर चीन की बात करें तो भारत के 271 की तुलना में यहां 814 अरबपति हैं। मगर न्यूयॉर्क के बाद अरबपतियों के मामले में मुंबई अब वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। अरबपतियों के मामले में न्यूयॉर्क पहले नंबर पर है। यहां सबसे अधिक 119 अरबपति रहते हैं। इसके बाद लंदन आता है, जहां 97 अरबपति हैं। इस मामले में मुंबई तीसरे स्थान पर हैं। मुंबई में 26 नए अरबपतियों के कारण यह चीन की राजनीतिक और सांस्कृतिक राजधानी, बीजिंग से आगे निकल गई है। जबकि बीजिंग में 18 अरबपतियों की कमी आई है। मुंबई की कुल अरबपतियों की संपत्ति 445 अरब डॉलर है, जो पिछले साल से 47 फीसदी ज्यादा है। वहीं बीजिंग की कुल अरबपतियों की संपत्ति 265 अरब डॉलर है, जो 28 फीसदी कम हुई है।

### ये हैं अरबपति

मुंबई के वेल्थ सेक्टर्स में एनर्जी और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं, जिसमें मुकेश अंबानी जैसे अरबपति का नाम शामिल है। रियल एस्टेट के खिलाड़ी मंगल प्रभात लोढ़ा (और परिवार) को सबसे ज्यादा वेल्थ मिली है। ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुकेश अंबानी संपत्ति में बढ़ोतरी के साथ 10वें स्थान पर रहे, जिसका श्रेय मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज को जाता है। इसी तरह, गौतम अदाणी की संपत्ति में बढ़ोतरी के बाद वह वैश्विक रैंकिंग पर आठ पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। एचसीएल के शिव नादर और उनके परिवार की संपत्ति और वैश्विक रैंकिंग दोनों बेहतर हुई है। वह 16 स्थान ऊपर 34 नंबर पर पहुंच गए हैं।



### कुछ की रैंकिंग में गिरावट

ग्लोबल रिच लिस्ट में कुछ भारतीय अरबपतियों की वैश्विक रैंकिंग में हल्की गिरावट देखी गई है। सीरम इंस्टीट्यूट के साइरस एस पूनावाला की कुल संपत्ति 82 अरब डॉलर के साथ मामूली गिरावट (नौ पायदान गिरकर 55वें स्थान) पर रही। भारत के अरबपति ग्रुप में सन फार्मास्यूटिकल्स के दिलीप सांघवी (61वें स्थान) और कुमार मंगलम बिड़ला (100वें) का भी योगदान है। वहीं, राधाकिशन दमानी आठ स्थान ऊपर चढ़कर 100वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## युवतियों का बवाल 'मोहे रंग लगा दे रे...' तो पुलिस ने नहीं छोड़ा



**नोएडा, एजेंसी।** होली के मौके पर नोएडा से ऐसा वीडियो सामने आया, जिसने सभी को हैरत में डाल दिया, मगर पुलिस को ऐक्टिव कर दिया। वीडियो में दो लड़कियां चलती स्कूटी में स्टंटबाजी कर रही थीं, जबकि स्कूटी युवक चल रहा था। युवती फूहड़ एक्ट भी कर रही थीं। तीनों ही बिना हेलमेट भी थे। दरअसल रील्स का चलन चल रहा है लिहाजा यह करतब किया गया। कई यूजर्स ने नोएडा पुलिस को लड़कियों का वीडियो टैग कर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया। जिस स्कूटी से स्टंट किया गया उसका तगड़ा चालान किया गया। ट्रैफिक नियम तोड़ने पर पुलिस ने स्कूटी का 33 हजार का चालान काटा है।




पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अपने समर्थकों के साथ निवास पर होली खेली। पुराने शहर में होली का परंपरागत जुलूस निकला तो सड़कें रंगों से सराबोर हो गई।

**सुबह से शाम तक मस्ती में रहीं हुरियारों की टोलियां**

# होली पर रंगों से सराबोर रही राजधानी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**राजधानी में होली पर शहर के लोग रंग से सराबोर रहे। हालांकि तेज धूप में लोगों को परेशानी भी हुई लेकिन उत्साह कम नहीं हुआ। शहर के चौक-चौराहों, गली मोहल्ले में लोग सुबह से ही एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। जगह-जगह जुलूस निकाले गए। मुख्य आयोजन पुराने शहर में हुआ। सबसे पहले जुमेराती पर शहरवासी एकत्रित हुए। यहां करीब 12 बजे सैंकडों लोगों के साथ नाचते-गाते जुलूस शुरू हुआ। पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने अपने समर्थकों के साथ निवास पर होली खेली और फाग गाया। मंत्री विश्वास सारंग ने और विधायक भगवान दास सबनानी ने भी अपने समर्थकों के बीच होली मनाई। नगर निगम व अन्य प्रशासनिक अमला होली पर जरूरी व्यवस्थाओं के लिए दिनभर मुस्तैद रहा, लेकिन कोलार की कई बस्तियों में जल संकट रहा यहां पर निवासियों ने बेहद गंदा पानी आने की भी शिकायत की है यह सिलसिला पिछले तीन-चार दिनों से चल रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम इस मामले में कोई ध्यान नहीं दे रहा।**



**पुराने शहर में हुरियारों का पारंपरिक जुलूस निकला**

**नये शहर की कालोनियों में भी रही धूम**



जैसे-जैसे यह आगे बढ़ता गया, इसमें लोगों की भीड़ जुड़ती गई। हुरियारों का यह जुलूस घोड़ा नक्कास, कुंदन नमकीन, मंगलवारा, इतवारा, चिंतामन चौराहा आदि इलाकों से गुजरा। चारों तरफ रंगों के बादल नजर आते रहे। सड़के व गलिया रंग गुलाल से लाल रहीं। नये भोपाल में भी कई बस्तियों कालोनियों में होली की धूम रही। निजी व शासकीय कवर्ड परिसर में भी लोगों ने होली उत्सव का आयोजन किया और रंग गुलाल व डीजे की धुनों पर नृत्य व गीत की मस्ती के साथ व्यंजनों का आनंद लिया।

होली पर नये और पुराने शहर में बाजार प्राय- बंद ही रहे। लेकिन शाम को बाजार में कई दुकानें खुली। शाम को लोग होली के बाद घूमने भी निकले और कलियासोत से लेकर बोट क्लब तक परिवार पहुंचते रहे। हालांकि आम दिनों के बजाए होली पर सड़के कम व्यस्त रहीं। पुलिस कर्मी लगातार नजरें बनाए रहे।

## शिक्षक भर्ती : परिणाम आए 1 माह बीता, 4921 चयनितों को नियुक्ति का इंतजार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के स्कूलों में उच्च माध्यमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा पात्र 4921 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची 20 फरवरी को जारी की गई थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी इन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाया है। जबकि अन्य विभागों ने रिजल्ट के तुरंत बाद चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दे दिए हैं। उल्लेखनीय है कि उच्च माध्यमिक शिक्षक हेतु 2023 में 16 विषयों के लिए हुई परीक्षा के माध्यम से 8720 पदों की पूर्ति होना थी, जिसमें से 3700 पद बैकलॉग के थे, मगर पिछड़ा वर्ग के 13 प्रतिशत पद होल्ड होने और कुछ पदों पर पात्रता पूरी न करने के कारण कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा मात्र 4921 अभ्यार्थी की मेरिट लिस्ट जारी की गई, यह भी आज तक नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं।



## अतिथि विद्वान 27 मार्च तक कर सकेंगे ज्वाइनिंग

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

उच्च शिक्षा विभाग के कॉलेजों में रिक्त पदों के विरुद्ध सेवा देने वाले अतिथि विद्वानों के स्थानांतरण की प्रक्रिया जारी है। चॉइस फिलिंग और मेरिट सूची जारी करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अतिथि विद्वानों को 27 मार्च तक ज्वाइनिंग का समय दिया गया है। बता दें कि 19 मार्च तक अतिथि विद्वान चॉइस फिलिंग की गई हैं। कॉलेजों में रिक्त स्थानों के आधार पर 22 मार्च को मेरिट जारी की गई। जिसके बाद अब 27 मार्च तक ज्वाइन करनी होगी।




**इस बार पत्र जारी किया**

पिछली बार नए अभ्यर्थियों के लिए भी लिंक ओपन की गई थी, लेकिन इस बार सिर्फ कार्यरत अतिथि विद्वानों के लिए विभाग ने पत्र जारी किया है।

## बच्चों के साथ मातृभूमि ने मनाया होली का पर्व

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संस्था मातृभूमि द्वारा होली के अवसर पर इंद्रा नगर, शिव शक्ति मंदिर में बच्चों को पिचकारी एवं गुलाल कलर वितरित की गई। संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष हिन्दू संस्कृति के त्यौहारों पर ऐसे बच्चे जो इन त्योहारों में अपने आप को अलग न समझें और त्यौहार उत्साह व उमंग से मनाए जाते है। इसके साथ ही लोक सभा चुनावों में देश में पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने इसके लिए भी बूथ विजय का संकल्प सभी को दिलाया गया। इस अवसर पर रीना पोद्दार, किशोर पहलाजानी, राहुल अबोले ,पीयूष गिरी, कुनाल गौहर, राजा सिंह आदि मौजूद थे।



प्राकृतिक चिकित्सा का 10 दिवसीय आवासीय शिविर शुरू

## प्राकृतिक चिकित्सा में साधक सीख रहे हमेशा स्वस्थ रहने की कला

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

आरोग्य केन्द्र में 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला' के अन्तर्गत दस दिवसीय शिविर चल रहा है, जिसमें विभिन्न स्थानों से कई साधकगण अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज आदि से भी लाभान्वित होने की उम्मीद से आए हैं।

शिविर में शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी। शिविर के प्रथम दिन शिविरार्थियों का सर्वप्रथम पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया एवं इसके पश्चात् शिविर का शुभारंभ व्याख्यान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलाब राय टेवानी ने दिया।



टेवानी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य है प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के टिप्स देना है। संयमित एवं नियमित दिनचर्या से बीमारियों से बचा जा सकता है। शिविर में आप दिनचर्या व उपवास की कला सीखेंगें जिससे आप सुखमय व स्वास्थ्यमय जीवन पा सकें। साथ ही यहा आपका पंच तत्वों से उपचार किया जाएगा जैसे पृथ्वी जल अगिन वायु आकाश।स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के लिए एक ही उपाय है, अपनी अस्वस्थ दिनचर्या में परिवर्तन कर स्वस्थ दिनचर्या को अपनाना होगा। आप अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करेंगे तो ही आप स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे। साथ ही यह बताया गया कि औषधीय आहार लेगे तो दवाइया भी कम होगी ।

**मेट्रो एंकर**

संतनगर में कंडों की होली के साथ रंग पर्व शुरू

## भक्त प्रहलाद के जयकारों के बीच होलिका का दहन

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

साधु वासवानी स्कूल मैदान में होलिका दहन के साथ संतनगर में रंग पर्व की शुरूआत हुई। भक्त प्रहलाद के जयकारे लगाते हुए कंडों की होली चलाने की पांच दशक पुरानी परंपरा निभाई गई। सभी ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि होली का पर्व पवित्र पर्व है इस पर्व को हमें प्रेम सद्भावना व भाईचारे के साथ मनाना चाहिए हमारे विद्यालय में जलाऊ लकड़ी की खपत बचाने पर्यावरण शुद्धि एवं वनों की सुरक्षा के लिए होलिका को कंडों से सुशोभित किया गया है।हमें तिलक होली मनानी चाहिए।

कार्यक्रम में संस्कार स्कूल के सचिव बंसत चेलानी, वासदेव वाधवानी, सुरेश जसवानी, सुशील



वासवानी, राजेश हिंगोरानी पार्षद, राम बंसल, गुलाब जेठानी अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभ ने कहा कि होली रंगों का भी त्यौहार है जिसे सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। एक-दूसरे के प्रति द्वेष की भावना को भूलकर रंगों की तरह सभी एक रंग में रंगकर इस पावन पर्व को सौहार्द के साथ मनाएं। होली के पावन पर्व पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुष्पों की वर्षा कर होली मनाई।

तत्पश्चात पंडित रामकिशन पराशर ने आए हुए अतिथियों के साथ विधिवत् मंत्रोच्चार के साथ होलिका की पूजा संपन्न करवाई।

इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने होली के मधुर गीत गाकर, होलिका की परिक्रमा की एवं पल्लव के साथ सभी ने भगत प्रहलाद की जय, नरसिंह अवतार की जय के नारे लगाए तत्पश्चात होलिका का दहन किया गया एवं सभी ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## होली के रंग भोले बाबा के संग' गुलाल, भांग से अभिषेक

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति ने रविवार को माँ गायंत्री मंदिर में भोले बाबा का गुल, गुलाल और भंग से अभिषेक किया। बाक्सिंग कोच सोनम नायक का भी सम्मान किया। सोनम ने उत्तराखंड, बिहार, झारखंड एवं अन्य देशों से सिल्वर एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। रेसर मोनिका कापसे जिन्होंने खजुराहो में हुई मैराथन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया उनका भी सम्मान किया गया। 'होली के रंग भोले के संग'' में समिति अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण कर भोले बाबा को गुल, गुलाल एवं भांग से अभिषेक करवाया गया। समिति के सभी कार्यकर्ताओं ने भोले बाबा को गुलाब के फूलों से अभिषेक कर 'हरिओम नम शिवाय एवं राम नाम की धुनी लगायी। सोनम और मोनिका एवं पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब उत्सव समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी को भगवा रंग का गमछा पहनाकर सम्मान किया गया।

अभिषेक करने वालो में समाजसेवी आसुदो लच्छवाणी, बजरंग सेना समिति के अर्चक पुरोहित राजकुमार गर्ग, मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, अध्यक्ष कमलेश देवानी आदि उपस्थित थे।

# मप्र में बनी रहेगी हाथियों की कमी, बारिश बाद शुरू होगी दूसरे राज्यों से लाने की कवायद

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र में फिलहाल हाथियों की कमी बनी रहेगी। आने वाले बारिश के बाद ही इस पर नए सिरे से अमल हो पाएगा। यह हाल तब है जब सरकार प्रदेश में हाथी पर्यटन शुरू करने की मंशा पाले बैठी है। असल कर्नाटक समेत अन्य राज्यों से हाथी लाने के प्रयास होते रहे हैं, जो लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के पहले तक जारी थे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के चलते यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। अब जून के बाद ही नए सिरे से प्रयास होंगे, तब तक बारिश शुरू होने वाली होगी। इस तरह इसका टलना तय है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश को बार–बार हाथियों की जरुरत पड़ती रही है चाहे वह बाघों को रेस्क्यू



करने की बात हो या फिर भटकने वाली हाथियों का मामला हो। यहां तक कि मप्र में चीता शिफ्टिंग में भी इनकी जरुरत से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा टाइगर रिजर्वों में हाथियों से मानसून गश्त की जाती है ताकि जंगल के अंदर दुर्गम स्थानों तक पैदल या वाहनों से पहुंचना संभव नहीं होता। ऐसे में हाथियों की मदद से यहां तक जाया जा सकता है लेकिन रिजर्वों के पास पर्याप्त हाथी ही नहीं है, जबकि बाघों की आबादी बढने् के साथ-साथ गश्ती का दायरा लगातार बढ़ रहा है। गनीमत है कि छत्तीसगढ़ से मप्र की सीमा में दाखिल हुए कुछ हाथी को पकडकर् वन विभाग उन्हें गश्त के लिए दक्ष कर रहा है। हाथी शिफ्टिंग में शामिल रह चुके एक अधिकारी का कहना है कि हाथी लाने के प्रयास बारिश बाद ही शुरू होंगे।

### नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां शुरू

# 1 अप्रैल से शुरू होगा स्कूलों का शैक्षणिक सत्र, पहले दिन बाल सभा और विशेष भोज होगा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों के लिए नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 में नामांकन को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। एक अप्रैल से स्कूलों का शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। हर माह के लिए शैक्षणिक गतिविधियों का कैलेंडर जारी किया गया है। पहले दिन बाल सभा और विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा।**



**स्कूल शिक्षा विभाग ने नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए**

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक अप्रैल के प्रथम पखवा? में तीन से 13 अप्रैल के बीच अभिभावकों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के पिछले वर्ष की शैक्षणिक स्थिति के साथ-साथ नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में आयोजित होने वाली गतिविधियों से अवगत कराना है। पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों एवं शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त समग्र शिक्षा पोर्टल के माध्यम से छह साल की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों की सूची के माध्यम से पहली कक्षा में प्रक्रिया पूरी की जाए।

### एक माह तक पूर्वाभ्यास

पहले एक माह तक विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के लिए पूर्वाभ्यास कराया जाएगा। इसके बाद जून में जब स्कूल खुलेंगे तो नई कक्षा की प?ाई शुरू होगी। सत्र के प्रारंभ में विद्यार्थियों में विज्ञान, गणित एवं भाषा विषय की कठिन अवधारणाओं का अभ्यास 30 अप्रैल तक कराया जाएगा, जिससे गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुलने पर विद्यार्थियों को प?ाई में कोई कठिनाई ना हो।

### 28 मार्च तक रिजल्ट

पहली से चौथी, 6वीं व 7वीं की स्थानीय परीक्षा परिणाम 28 मार्च तक घोषित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पांचवीं व आठवीं के परीक्षा परिणाम अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में जारी हो सकते है। सत्र 2023–24 में पांचवीं एवं आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के एक अप्रैल से अगली कक्षा में प्रावधिक प्रवेश दिया जाए।

# पंपलेट, बैनर, पोस्टर में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम-पता जरूरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

लोकसभा निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को प्रचार-प्रसार के लिए छपवाए जाने वाले पांपलेट, बैनर, पोस्टर आदि सामग्रियों में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम-पता और मुद्रित सामग्री की संख्या स्पष्ट छापनी होगी। इसके साथ ही मुद्रित सामग्री की चार प्रति प्रकाशक मुद्रक का घोषणा पत्र सहित मुद्रण के तीन दिवस के अंदर जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित प्रारूप के साथ उपलब्ध कराना होगा।

**प्रचार सामग्रियों के मुद्रण के संबंध में एडीएम ने ली बैठक**

एडीएम हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, प्रिंटिंग प्रेस प्रतिनिधियों और जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में एडीएम ने प्रचार सामग्रियों के मुद्रण के बारे में निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी उपस्थित प्रिटिंग प्रेस प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने यह भी हिदायत दी की इस संबंध में आयोग के दिशा- निर्देशों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि कोई भी मुद्रक प्रकाशक द्वारा साइन की हुई घोषणा और प्रकाशक को व्यक्तिगत रूप से जानने वाले दो लोगों के हस्ताक्षर के बिना किसी भी निर्वाचन प्रचार सामग्री का मुद्रण नहीं करेंगे। यह भी बताया गया कि मुद्रण के बाद प्रिंटिंग प्रेस को मुद्रक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में घोषणा सहित मुद्रित की गई सामग्री की चार प्रतियां तीन दिन के भीतर निर्वाचन कार्यालय में जमा करनी होगी।

# स्नातक परीक्षा में विलंब, पीजी और फोर्थ सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया पर असर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शैक्षणिक कार्य दिवस कम होने पर अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर पाठ्यक्रम पूरा करें, एकेडमिक कैलेंडर में ऐसी एक लाइन लिखकर उच्च शिक्षा विभाग खानापूर्ति कर जिम्मेदारी से बच जाता है। शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार एक जुलाई से कक्षाएं शुरू होना थीं। लेकिन 22 अगस्त तक सेकंड ईयर की परीक्षाएं चलीं। कॉलेज प्राचार्यों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया लेट होने के कारण सत्र लेट हो रहा है।

**यूजी की परीक्षाओं का टाइम-टेबल भी जारी नहीं हो सका**

यह लगातार तीसरा साल है जब सिंतबर तक कॉलेजों में प्रवेश होते रहे। कोरोना काल से पिछ्ला शैक्षणिक कैलेंडर अब तक पटरी पर नहीं आ सका है। स्थिति यह है कि अब तक यूजी की परीक्षाओं का टाइम-टेबल भी जारी नहीं हो सका है। कैलेंडर के अनुसार यह परीक्षाएं मार्च-अप्रेल में आयोजित की जाना थी। इन परीक्षाओं के लिए अभी आवेदन प्रक्रिया चल रही है। बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के मुताबिक लोकसभा चुनाव के चलते अब यह परीक्षाएं मई के आखिरी सप्ताह या जून में ही शुरू हो सकेंगी। जिसका असर पीजी एवं फोर्थ सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया पर भी होगा।

गौरतलब है कि अभी सेमेस्टर 1 जुलाई से 11 दिसंबर तक कुल 131 कार्य दिवस का है। इसमें अवकाश, अन्य गतिविधियों, परीक्षा की तैयारी आदि के 41 दिन कम हो जाते हैं। शैक्षणिक दिन सिर्फ 90 होते हैं।

# कल पहले चरण की सीटों के लिये नामांकन का आखिरी दिन

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र में पहले चरण में शामिल छह लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र जमा करने का अंतिम दिन कल रहेगा। मध्य प्रदेश में पहले चरण में सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के लिए वोट डाले जाएंगे।अभी तक 16 अभ्यर्थियों द्वारा 21 नामांकन पत्र जमा किए गए हैं।

नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। इसी दिन दूसरे चरण में शामिल सात सीटों (टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, नर्मदापुरम और बैतूल) के लिए अधिसूचना जारी होगी और नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। सीधी और शहडोल से सर्वाधिक नामांकन-सीधी और शहडोल से सर्वाधिक सात-सात नामांकन भरे गए हैं। भाजपा की ओर से शहडोल से हिमाद्री सिंह और मंडला से फग्गन सिंह कुलस्ते भी नामांकन पत्र जमा कर चुके हैं। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से शहडोल से फुंदेलाल सिंह ने आवेदन किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने



बताया कि पहले चरण के लिए नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि बुधवार 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके अभ्यर्थी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।


# भोज में ऑनलाइन मोड पर शुरू हुए 9 कोर्स, प्रवेश 31 मार्च तक

**भोपाल.** मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में नौ कोर्स ऑनलाइन मोड पर शुरू किए गए हैं। इन कोर्स को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुसंशा प्राप्त हो गई है। इनमें अधिकतर प्रबंधन तथा कंप्यूटर विज्ञान से संबंधित पाठ्यक्रम शामिल हैं। संचालित होने वाले इन पाठ्यक्रमों में साइबर लॉ में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, फिनटेक में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा-डिजाइन थिंकिंग बिजनेस एनालिटिक्स में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, हेल्थकेयर प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा शामिल हैं। कोर्स में प्रवेश की आखिरी तारीख 31 मार्च है।

## बसपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने शनिवार दोपहर को लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें बसपा सुप्रीमो मायावती सहित 40 पदाधिकारियों के नाम शामिल है। खास बात यह है कि मप्र के मैहर से विधानसभा चुनाव हार चुके नारायण त्रिपाठी को स्टार प्रचारक बनाया है। त्रिपाठी 21 मार्च को ही पार्टी में शामिल हुए थे।




**मेट्रो एंकर** इनमें से 70 फीसद भाजपा में चले गये

# 115 विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई, ईडी के एक्शन पर पटवारी के सवाल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने आंकड़े जारी कर भाजपा सरकार पर कई सवाल भी उठाए व कहा कि ईडी ने 121 नेताओं पर कार्रवाई की। इसमें 115 विपक्ष के नेता हैं। दरअसल दिल्ली में केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर विपक्ष एकजुट



होकर भाजपा पर लगातार हमलावर है। इसी बीच, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने आंकड़े जारी किए। पटवारी ने कहा कि देश में ईडी ने 121 नेताओं पर कार्रवाई की और नोटिस दिए हैं। इसमें से 115 विपक्ष के नेता हैं। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि प्रधानमंत्री को विपक्ष के नेता पसंद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसमें से 70 प्रतिशत ने भाजपा की सदस्यता ले ली।

वहीं, पटवारी ने कहा कि येदियुरप्पा के खिलाफ ईडी की कार्रवाई हुई थी। इस मामले में वे गिरफ्तार नहीं हुए। व्यापमं को लेकर जांच हुई। कई लोग मारे गए। इसमें भी पता नहीं क्या हुआ? उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भष्टाचार को दो तरह से देखते हैं। वे कहते हैं कि विपक्ष भष्टाचार ना करे, लेकिन हम पेट भर खाएंगे।

## सुविचार

भरोसा रखें..
हम जब कहीं किसी का
अच्छा कर रहे होते हैं,
तब हमारे लिए भी कहीं कुछ
अच्छा हो रहा होता है
-अज्ञात

## संपादकीय

# दो रोमांचकारी मुकाबले साथ

*भारतीय क्रिकेट का नक्शा और खिलाड़ियों का मिजाज बदलने वाला खेल महाकुंभ इस वक्त शुरू हो चुका है। यह है आईपीएल तो दूसरी तरफ भारतीय राजनीति के लिए भी खास 'स्पर्धा' यानि चुनाव शुरू हो गये हैं। खास बात यह है कि हर बार आईपीएल सीजन में कुछ ऐसा नयापन होता है कि इसके प्रति लगाव व रोमांच खत्म नहीं होता। होली के उत्सव के बीच इस स्पर्धा में चेन्नै सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले के साथ ही सत्रहवें सीजन ने फिर देश को दो महीने के अपने किस्म के मनोरंजन की दावत दी है। इस इवेंट ने देश में एक ऐसे मौसम का रूप ले लिया है जो घर में रुटीन बदल देता है। लोग देर रात मैच खत्म होने के बाद सोते हैं और फिर अगली सुबह समय पर दफ्तर पहुंचने की जद्दोजहद में जुटे दिखते हैं। इस बार जो बदलाव सामने आये हैं उनमें सीजन में पहली बार 'स्मार्ट रीप्ले सिस्टम' का उपयोग है। इसमें टीवी अंपायर के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा फोटो विश्लेषण का मौका होगा। जाहिर है, इससे अंपायर कैच, स्टंपिंग और एलबीडब्ल्यू आदि पर ज्यादा सटीक फैसला देंगे और दर्शक भी फैसले के पीछे की प्रक्रिया बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। मुंबई इंडियंस ने तो यह सीजन शुरू होने से काफी पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को नया कप्तान घोषित कर दिया था। सीजन शुरू होने के ऐन पहले एम एस धोनी ने भी चेन्नै सुपर किंग्स की कप्तानी छोड़ने का एलान कर दिया। वह जिम्मेदारी रितुराज गायकवाड़ के कंधों पर आई है। गुजरात टाइटंस (शुभमान गिल) और हैदराबाद (पैट कमिंस) की टीमें भी इस बार नए कप्तान की अगुआई में मुकाबले में उतर रही हैं। आईपीएल इस सीजन को इस लिहाज से भी खास माना जा रहा है कि यह पूरा मुकाबला लोकसभा चुनावों के साये में संपन्न होगा। 26 मई तक चलने वाला 66 दिनों का कार्यक्रम इसे इतिहास का सबसे लंबा सीजन बना रहा है। तो चुनाव भी करीब तीन महीने के ही हैं। यानि चुनाव तो आईपीएल सीजन से भी आगे खिंचने वाले हैं। सातवें और आखिरी दौर का मतदान जब एक जून को होगा और रिजल्ट 4 जून को आएगा। तब तक आईपीएल निपट चुका होगा। हालांकि इससे पहले 2019 में भी लोकसभा चुनावों के दौरान पूरा आईपीएल खेला जा चुका है, लेकिन इस बार इस बात पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है कि चुनावी प्रक्रिया का आईपीएल पर कितना और कैसा प्रभाव पड़ने वाला है। इसकी पुष्टि पिछले हफ्ते आई एक रिपोर्ट से भी होती है जिसके मुताबिक स्टेकहोल्डर्स - बीसीसीआई, फ्रेंचाइजी ओनर्स, स्पॉन्सर्स, ब्रॉडकास्टर्स ङ्क पिछले साल के मुकाबले 30-35 प्रतिशत ज्यादा चार्ज कर रहे हैं। कारण यह है कि चुनावी मौसम में संभावित कैंसलेशन को लेकर उनमें आशंकाएं बनी हुई हैं। बहरहाल इस बार दोहरा मौका है, यानि दो रोमांचक प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है। भारतीय राजनीति के माहिर खिलाड़ी भी मैदान में उतर चुके हैं। देश की भावी सरकार का आकार-प्रकार आदि भी इस स्पर्धा के रोमांच की तरह आगे बढ रहा है। इधर आईपीएल में टीमें अपनी जीत हार से अंक जुटाकर फाइनल की तरफ बढेंगी और उधर चुनाव के लिये हर राजनीतिक दल सात चरणों में होने वाले मतदान दर मतदान अपने लिए सीटें जुटाकर सरकार के लिये आगे बढेगा, और जिस तरह आईपीए में हर बार नया आकर्षण जुड़ता है वैसे ही चुनाव में भी होता है। निर्वाचन आयोग नये नियम लागू करता है और राजनीतिक दल नये गठबंधन और समीकरण बनाते हैं। रोमांच दोनों में बना रहता है।*

## आज का इतिहास

- 1668: इंग्लैंड के शासक चार्ल्स द्वितीय ने बांबे (अब मुम्बई) को ईस्ट इंडिया कंपनी के हवाले किया।
- 1721: स्पेन और फ्रांस ने मैड्रिड समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1794: अमेरिका कांग्रेस ने नौसेना की स्थापना की मंजूरी दी।
- 1841: पहले स्टीम फायर इंजन का सफल परीक्षण न्यूयॉर्क में किया गया।
- 1855: अब्राहम गेस्नर ने केरोसिन (मिट्टी के तेल) का पेटेंट लिया।
- 1871: रग्बी का पहला अंतरराष्ट्रीय मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला गया।
- 1898: भारत के मुसलमानों के लिए आधुनिक शिक्षा की शुरुआत करने वाले सर सैयद अहमद खान की पुण्यतिथि।
- 1977: स्पेन के कनेरी द्वीपों के मशहूर पर्यटन स्थल टेनेरीफ में दो जंबो जेट हवाई पट्टी पर ही टकरा गए, जिससे 583 लोगों की मौत हो गई।
- 1990: पश्चिम बंगाल के निंपुरा में एक यात्री बस के एक पुल से टकराकर नीचे गिरने के दौरान बिजली की तारों में अटक जाने से हुए भीषण धमाके में 41 लोगों की करंट लगने से मौत और 21 अन्य बुरी तरह झुलसे।
- 1998: अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने दवा बनाने वाली कंपनी पीफिजर की दवा वियाग्रा को नपुंसकता के इलाज की दवा के तौर पर इस्तेमाल करने को मंजूरी दी।
- 2010: भारत ने उड़ीसा के चांदीपुर में परमाणु प्रौद्योगिकी से लैस प्रक्षेपास्त्र धनुष और पृथ्वी 2 का सफल परीक्षण किया।
- 2011: जापान के फुकुशिमा में भूकंप के बाद क्षतिग्रस्त परमाणु ऊर्जा संयंत्र की एक इकाई में रेडियोधर्मी विकिरण सामान्य से एक करोड़ गुना अधिक पाया गया।
- 2020 : देश में कोरोना वायरस के कारण मरने वाले लोगों की संख्या 17 हो गई और संक्रमित मामले 724 पर पहुंचे।

## निशाना

### आप की सरकार!



– कृष्णेन्द्र राय

*जेल से ही चलने वाली।*
*आप की सरकार।।*
*ना हटेंगे पीछे।*
*हैं बैठे तैयार।।*
*आ गया संदेश।*
*पढ़ पढ़ के बताना।।*
*है हमारी मर्ज़ी।*
*मारो लाख ताना।।*
*हुआ जो भी खेल।*
*तय उसका है फल।।*
*है पकड़ मजबूत।*
*निकाल लेंगे हल।।*
*पर समस्या आई।*
*है मचा बवाल।।*
*है उठा तूफान।*
*लेकर के सवाल।।*

# शराब नीति घोटाले में केजरीवाल से पहले दो कांग्रेसी मुख्यमंत्री भी फंसे थे कानूनी शिकंजे में

■ **आलोक मेहता**



जब फलते-फूलते और अकूत धन संपत्ति पैदा करने वाले शराब उद्योग के बारे में निर्णय की बात आती है तो चतुर से चतुर राजनेता भी चूक जाते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल तो राजनीति में आने से पहले इनकम टैक्स विभाग के बड़े अधिकारी , सूचना के अधिकार - सत्ता व्यवस्था में पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार विरोधी अन्ना आंदोलन के सेनापति रहे थे , लेकिन दिल्ली की शराब नीति बनाने बदलने , शराब के व्यापार को प्रोत्साहित करने के साथ राजनीतिक और चुनावी सफलताओं के मोह में भ्रष्टाचार के गंभीर मामले में जेल चले गए हैं । अब केजरीवाल के साथी और कांग्रेस गठबंधन के नेता इसे केंद्रीय जांच एजेंसियों , प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और सतारू? भारतीय जनता पार्टी द्वारा फैलाया जाल कहते रहें , अदालत तो सबूतों के आधार पर ही शराब घोटाले के आरोपियों को जमानत नहीं देकर जेल में रखने के आदेश दे रही है । हाँ सजा मिलने में हमेशा की तरह देरी अवश्य हो सकती है । इस काण्ड में कांग्रेस के नेताओं के समर्थन पर मुझे यह ध्यान आया कि शराब नीति के घोटालों पर दो कांग्रेसी मुख्यमंत्री गंभीर आरोपों के कारण कानूनी मामलों में फंस चुके हैं । केजरीवाल को शायद उनके साथी अधिकारी या मित्र कांग्रेसी ने नहीं बताया अथवा क्या सलाह दे दी कि घोटाले देर सबेर दब जाते हैं ?

दिलचस्प तथ्य यह है कि शराब नीति और ठेकों आदि में भ्रष्टाचार के दो बड़े मामले मध्य प्रदेश के दो प्रमुख कांग्रेसी मुख्यमंत्री के विरुद्ध आए थे । पहला मामला कांग्रेस के शीर्ष नेता मुख्यमंत्री, राज्यपाल और पार्टी के उपाध्यक्ष रहे अर्जुन सिंह के सत्ता काल का है , जिसमें सरकार की शराब नीति को बदलकर किसी कंपनी को लाभ पहुँचाने और भ्रट्राचार के आरोप पर जबलपुर उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उन्हें दोषी ठहराया था।कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जेएस वर्मा और न्यायमूर्ति बीएम लाल ने अप्रेल 1986 में न केवल राज्य सरकार की संशोधित शराब नीति को खारिज कर दिया, जो 1984 में तब तय की गई थी जब सिंह मुख्यमंत्री थे । असल में 30 दिसंबर, 1984 को सरकार ने निर्णय लिया कि 1 अप्रैल, 1986 से शराब नीति में बदलाव किया जाएगा। सरकारी जमीन पर शराब बनाने वाली कंपनियों को काम करने के बजाय नए प्लांट लगाने के लिए कहा जाएगा। तदनुसार, फरवरी 1985 में, सरकार ने मौजूदा लाइसेंसधारियों में से सात को नई डिस्टिलरीज़ के निर्माण के लिए आशय पत्र दिए। उनके निवेश के बदले में सरकार ने उन्हें वचन दिया कि उन्हें 1 अप्रैल 1986 से शराब बनाने का पांच साल का लाइसेंस भी दिया जाएगा।



मुख्य याचिकाकर्ता, जबलपुर के शराब आपूर्तिकर्ता सागर अग्रवाल ने इस आधार पर उस आदेश को चुनौती दी कि चूंकि उन्हें नई भट्टियां स्थापित करने के लिए बोली लगाने का अवसर नहीं दिया गया था, इसलिए सरकार के साथ अनुबंध करने के उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया गया था। . अपने 32 पन्नों के फैसले में, न्यायमूर्ति वर्मा ने चुने हुए सात डिस्टिलरों को नई डिस्टिलरी स्थापित करने की अनुमति देने के सरकार के फैसले को बरकरार रखा, लेकिन चुने हुए सात को ही देशी शराब बनाने और आपूर्ति करने का लाइसेंस देने की नीति को उल्लंघनकारी बताते हुए रद्द कर दिया। जस्टिस बीएम लाल के 19 पेज के फैसले की शुरुआत यह कहकर हुई कि वह अपने वरिष्ठ न्यायाधीश के 'अंतिम निष्कर्ष' से सहमत हैं, लेकिन, महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने याचिकाकर्ताओं के अन्य तर्क को स्वीकार कर लिया कि राज्य को पहले पांच वर्षों में 56 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। इसे स्वीकार करते हुए क्योंकि 'राज्य के पास इसका कोई उचित और ठोस जवाब नहीं है', इसके बाद उन्होंने इस नीति को 'निजी संधि/समझौते' के रूप में खारिज कर दिया, जो 'वित्त सचिव द्वारा हित में उठाए गए जोरदार विरोध' के बावजूद सामने आया। मामले की सुनवाई के दौरान लाल को नई नीति को 30 साल से पांच साल करने में सरकार की ईमानदारी पर भी संदेह हुआ।

न्यायमूर्ति लाल ने अपनी अलग-अलग टिप्पणियों में सरकार के खिलाफ गंभीर सख्त टिपण्णी भी की थी। जस्टिस लाल ने अपने फैसले में यह तक कहा कि 'तर्कों के मुताबिक भ्रष्टाचार का सच रिकार्ड से बाहर झांक रहा है।' नई नीति को शरारतपूर्ण तरीका बताते हुए उन्होंने कहा कि अपने उच्च पद के आधार पर शराब नीति में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार लोगों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए क्योंकि वे समाज के 'शैतान' हैं। इस निर्णय के बाद तब मध्य प्रदेश के भाजपा नेताओं ने अर्जुन सिंह के इस्तीफे की मांग की थी । अर्जुन सिंह पंजाब के राज्यपाल बन गए थे । फिर यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चलता रहा और कुछ कानूनी रास्तों से जेल की नौबत नहीं आई।

शराब घोटाले से जुड़ा गंभीर भ्रष्टाचार का दूसरा मामला मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और आज भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद दिग्विजय सिंह के कार्यकाल का है । इनकम टैक्स विभाग के छापों के दौरान एक बड़ी शराब कम्पनी के मालिकों की डायरियों में मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी मंत्री को भी 12 करोड़ दिए जाने का विवरण मिला । इनकम टैक्स के वरिष्ठ अधिकारी ने छापे में मिले दस्तावेज और डायरी आदि लोकायुक्त जस्टिस फैजाउद्दीन को सौंप दी थी । मामला 1996 का था । लेकिन विधान सभा में 2001 में जोर शोर से उठा । तब दिग्विजय सिंह ने सदन में आरोपों को गलत बताते हुए यह भी कहा कि वह प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा को पत्र लिखकर इस अधिकारी की शिकायत करेंगे कि उसने लोकायुक्त को दस्तावेज भेजकर बदनाम किया है । मामला डायरी के रिकॉर्ड का था और नरसिंघ राव राज में हुए हवाला कांड का आधार सुप्रीम कोर्ट में अमान्य हो जाने के फैसले से दिग्विजय भी किसी तरह इस मामले में बच गए । यही नहीं उनके कुछ सहयोगियों का तो दावा था कि उन्होंने उस शराब कम्पनी के लोगों को अपने विरोधियों का मुंह बंद करने के इंतजाम की सलाह दी और विरोधी रास्ते से हटवा दिए ।

इसमें कोई शक नहीं कि भ्र्ष्टाचार या किसी भी अपराध के मामले में कानून और निचली से सर्वोच्च न्यायालय में गवाह और प्रमाणों के आधार पर ही सजा मिल सकती है या आरोप मुक्त हुआ जा सकता है । अर्जुन दिग्विजय के सत्ता काल में डिजिटल क्रांति नहीं थी और उद्योग व्यापार भी एक सीमा में थे । अब एक सौ करोड़ या हजार करोड़ के धंधे और भ्रष्टाचार के मामले सामने आने लगे हैं । केजरीवाल राज के शराब नीति घोटाले के तार दिल्ली से तेलंगाना और गोवा तक जुड़े होने के आरोप प्रमाण सामने आ रहे हैं । यदि पर्याप्त सबूत नहीं होते तो केजरीवाल के सबसे करीबी और उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया , सत्येंद्र जैन , सांसद संजय सिंह और तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी तथा पूर्व सांसद और विधान परिषद् की सदस्य के कविथा जेल में नहीं होती । सिसोदिया को तो सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिल सकी । केजरीवाल के साथ प्रतिपक्ष के नेता सरकार के विरुद्ध सड़कों पर आंदोलन या सभाओं से सहानुभूति लेने का प्रयास करेंगे । लेकिन क्या वे जयप्रकाश नारायण अथवा इंदिरा गाँधी की तरह जनता की सहानुभूति प्राप्त कर सकते हैं ? दूसरी तरफ लालू यादव अथवा अन्य नेताओं पर भ्र्ष्टाचार या अन्य अपराधों के गंभीर आरोपों मामलों के बावजूद किसी इलाके में वोट मिलने की बातें भी सामने हैं । इसलिए असली फैसला अदालत या जनता दवारा ही हो सकेगा ।

# जब देश के बड़े उद्योगपति ने नेहरू को साफ कहा- मैं विपक्ष को भी चंदा दूंगा

■ **अनिकेत राज**

चुनावी बांड खरीदारों के नामों में 'विशेष लोगों' की स्पष्ट कमी को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि इस योजना को राजनीतिक दलों की फंडिंग को उतना पारदर्शी नहीं बनाया, जितना दावा किया गया था।


जिन छोटे लोगों के नाम शीर्ष दानदाताओं में सूचीबद्ध हैं, उन्होंने भोलेपन से केवल बदले में कुछ पाने के लिए ऐसा किया और उनके नाम आसानी से उजागर कर दिए गए। भारतीय उद्योग के बड़े खिलाड़ी लंबे समय से खेल के नियमों को समझते हैं।

राजनेताओं को सभी प्रकार के एहसान गोपनीयता के आवरण में छिपाने होते हैं, ताकि किसी पर उंगली उठाना मुश्किल हो। इस संदर्भ में भारत के सबसे ईमानदार व्यापारियों में से एक जेआरडी टाटा द्वारा पंडित नेहरू को लिखे एक पत्र को याद रखना प्रासंगिक है। जेआरडी एक दुर्लभ भारतीय व्यापारी थे प्रधानमंत्री नेहरू को पत्र लिखकर यह बताया था कि वह विपक्ष को चंदा देंगे।

**नेहरू को टाटा का पत्र:** 1961 में वरिष्ठ राजनेता सी राजगोपालाचारी ने जेआरडी को अपनी नई बनी स्वतंत्र पार्टी में योगदान देने के लिए पत्र लिखा था। जेआरडी को पता कि उनकी कंपनी 'टाटा' कांग्रेस को फंड करती है, लेकिन उन्होंने महसूस किया कि एक मजबूत विपक्ष की अनुपस्थिति में कोई भी लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता, इसलिए उन्होंने उद्योग घरानों द्वारा विपक्ष को भी वित्तपोषित करने को देशभक्ति माना।

अपने साथी व्यापारियों के विपरीत जिन्होंने स्वतंत्र पार्टी को गुपचुप तरीके से फंड दे रहे थे, जेआरडी ने नेहरू को स्पष्ट रूप से लिखा कि वह स्वतंत्र पार्टी को भी दान देंगे क्योंकि यह एक रचनात्मक विपक्ष को वित्तपोषित करने का एकमात्र विकल्प है। शायद आज के किसी भी उद्योगपति में ऐसा पत्र लिखने की हिम्मत नहीं होगी। वर्तमान में भी राहुल भाटिया, किरण मजूमदार-शॉ और एल एन मित्तल, उद्योग जगत के अधिकांश बड़े नामों की तुलना में अपने दान को कम गुप्त रखते हैं, लेकिन उनकी उदारता भी केंद्र या राज्य में सत्ताधारी दलों के लिए होती है। वर्तमान में, सपा, बसपा आदि जैसे कमजोर हो चुके दलों का प्रमुख रूप से दान पाने वालों में नाम नहीं है।

**नेहरू का क्या था जवाब?:** नेहरू ने जेआरडी को जवाबी पत्र में लिख था, ÷बेशक, आप स्वतंत्र पार्टी की किसी भी तरह से मदद करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि आपकी यह आशा कि स्वतंत्र पार्टी एक मजबूत विपक्ष के रूप में उभरेगी, उचित है।



**टाटा ने नेहरू को लिखा पत्र:** लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की भूमिका वाली बात काम कर गई। जेआरडी टाटा ने स्वतंत्र पार्टी को फंड देने का फैसला किया। साथ ही टाटा ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सीधे पत्र लिखकर कांग्रेस पार्टी में 'एक जिम्मेदार और संगठित लोकतांत्रिक विपक्ष की पूर्ण अनुपस्थिति' पर अपनी चिंता व्यक्त की।

टाटा ने नेहरू को लिखा, मैं उनमें से एक हूं, जो मानते हैं कि आजादी के बाद हम जिस एकल पार्टी शासन के तहत रह रहे हैं वह अब तक देश के लिए अच्छी बात है। इससे देश को स्थिरता मिली है। देश की ऊर्जा और संसाधनों को व्यवस्थित तरह से विकास पर केंद्रित किया गया है। यह एक मजबूत और एक पार्टी के लगातार शासन के बिना असंभव होता। लेकिन आप भी यह मानेंगे कि अगर एकल पार्टी का प्रभुत्व जारी रहा तो भविष्य में परेशानी और जोखिम पैदा हो सकती है। कोई भी राजनीतिक दल और उसका प्रशासन कितना भी अच्छा क्यों न हो, यह अनिवार्य है कि लोग अंततः बदलाव चाहेंगे। देश के राजनीतिक जीवन में कुछ तत्व कांग्रेस पार्टी की कुछ नीतियों से असहमत होंगे और अपने विचारों को आजमाने के तरीके तलाशेंगे।÷

जेआरडी टाटा ने बताया कि मजबूत विपक्ष के अभाव में कांग्रेस का विरोध करने वाले देशभक्त या तो महत्वहीन हो जाएंगे, उनकी उनकी सेवाएं देश के लिए ख़त्म हो जाएंगी या वे कम्युनिस्ट पार्टी या दूसरी उग्रवादी पार्टियों की तरफ मुड़ जाएंगे। इस प्रकार टाटा ने निष्कर्ष निकाला था कि 'देश हित में यह अपरिहार्य है कि संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कम्युनिस्ट पार्टी को विस्थापित करने का प्रयास किया जाना चाहिए।'

इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त स्वतंत्र पार्टी थी, क्योंकि व्यक्तिगत अधिकारों और निजी उद्यम को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अलावा, इस पार्टी के नेता 'दृष्टिकोण में रूढ़िवादी होते हुए भी, प्रतिक्रियावादी या सांप्रदायिक या अति दक्षिणपंथी नहीं हैं।' और इसलिए जेआरडी ने नेहरू से कहा, टाटा ने फैसला किया है कि वह कांग्रेस के चुनाव फंड में योगदान देने के अलावा स्वतंत्र पार्टी के फंड में भी योगदान देगी, लेकिन कम पैमाने पर।

**नेहरू का आया तुरंत जवाब:** नेहरू ने लगभग तुरंत ही जेआरडी को जवाब दिया। नेहरू का मानना था कि 'जब तक कांग्रेस की नीतियां भारत के लोगों के लिए फायदेमंद हैं, मुझे उनका पालन करना जारी रखना चाहिए।' लेकिन फिर नेहरू के सामने पार्टी फंडिंग का सवाल था।

उन्होंने टाटा को लिखा, 'बेशक, आप स्वतंत्र पार्टी की किसी भी तरह से मदद करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि आपकी यह आशा कि स्वतंत्र पार्टी एक मजबूत विपक्ष के रूप में उभरेगी, उचित है। मुझे लगता है कि अगले आम चुनाव में उसे निराशा होगी। ऐसा लगता है कि इसकी न तो भारत की जनता और न ही बुद्धिजीवियों के बड़े हिस्से के बीच कोई आधार है। जाहिर है नेहरू ने जेआरडी टाटा को ना सिर्फ विनम्रता से जवाब दिया बल्कि अपनी नीतियों का बचाव करते हुए उनके फैसले का सम्मान भी किया।

**राजाजी के बारे में:** चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म 10 दिसंबर, 1878 को मद्रास प्रेसीडेंसी के सेलम जिले में हुआ था। पिता का नाम वेंकट अयंगर और मां का नाम सिंगरम्मा अयंगर था। 1899 में उन्होंने लॉ की परीक्षा पास की और सेलम से वकालत शुरू की। जब राजगोपालचारी सेलम में प्रैक्टिस कर रहे थे, उस दौरान उन्हें एक वकील के बारे में पता चला जो दक्षिण अफ्रीका में सविनय अवज्ञा के विचारों का प्रचार कर रहा था। ये महात्मा गांधी की चर्चा थी। 1913 में राजगोपालाचारी ने अपने खर्च पर गांधीजी के जेल अनुभव को पैम्फलेटों पर छपवाया। 1919 में राजगोपालाचारी की पहली बार गांधी से मद्रास (अब चेन्नई) में मुलाकात हुई थी। उन्होंने गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लिया। 1920 में उन्हें वेल्लोर में दो साल की जेल भी हुई।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

# होली पर शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस अधिकारियों ने हुरियारों पर रखी नजर

## आईजी इरशाद वली एवं एसपी गुरकरण सिंह भी उतरे सड़क पर..



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

होली पर शांति व्यवस्था बना रखने के लिए पुलिस बल दिन भर सड़कों पर तैनात रहा. आईजी इरशाद वली तथा पुलिस अधीक्षक गुर करण सिंह भी पूरे शहर में गश्त करते रहे. एसडीओपी पराग सैनी तथा थाना प्रभारी सौरभ पांडे द्वारा वाहनों की जांच पड़ताल की गई। नगर के सराफा चौक होली चौक मोरछली चौक सातरस्ता जय स्तंभ चौक सहित रसूलिया मालाखेड़ी हाउसिंग बोर्ड ग्वाल टोली पेपर मिल फेपर ताल आदि क्षेत्रों में भी पुलिस की गश्त दिन भर जारी रही। नर्मदा नदी के विभिन्न घाटों पर भी पुलिस बल की निगरानी रही।

## हुरियारों की टोली निकली गली-गली...

नर्मदापुरम आपसी सद्भाव और भाईचारे का त्यौहार होली पर्व उत्साह के साथ मनाया गया. सुबह से ही हुरियारों की टोली गली-गली घूम कर रंग गुलाल बरसाती रही। ढोल ढमाकों के साथ नाचते गाते हुए लोगों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।



## पिपरिया पुलिस ने किया मादक पदार्थ व्यवसायी को गिरफ्तार...

# करीब 42000 रु कीमत का 4 किलो 205 ग्राम गांजा बरामद

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

लोकसभा चुनावों को देखते हुये पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र के निर्देश पर मादक पदार्थों के व्यवसाय के घर पकड़ के लिए जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है. विगत रात्रि अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), पिपरिया मोहित कुमार यादव द्वारा थाना प्रभारी स्टेशन रोड़ पिपरिया निरीक्षक विजय सनस के नेतृत्व में थाना स्टेशन रोड़ पिपरिया की एक टीम गठित कर अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ एवं उसके व्यवसाय पर रोकथाम हेतु तैनात की कई टीम द्वारा दिनांक 23-24 मार्च की दरमियानी रात में मुखबिर की सूचना पर गली नम्बर 06 टावर मोहल्ला पिपरिया से आरोपी असद ईरानी उर्फ असदू इरानी पिता खान अली उम्र 21 वर्ष निवासी गली नम्बर 06 टावर मोहल्ला पिपरिया के कब्जे से करीब 4 किलो 205 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 42,000/- रुपये का जप्त किया गया। आरोपी असद इरानी उर्फ असदू के विरुद्ध अपराध क्रमाकं 111/2024 धारा 8/20 एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




## बाहर से आने वाले व्यक्तियों की जानकारी थाना प्रभारी को भेजें

**सीहोर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है । चुनाव के दौरान बाहर से आने वाले व्यक्तियों में असामाजिक तत्व भी जिले में घुसपैठ कर सकते हैं । जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सकती है । जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने अधिनियम 1967 के तहत जिले के भीतर सभी सराय, धर्मशालाओं, होटल, लॉज के मालिकों, प्रबंधकों को आदेश दिया है कि वे अपने होटल, लॉज, सराय, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को एवं संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारीको लिखित में प्रस्तुत करें। ऐसी सूचना संबंधित अधिकारियों के पास अगले दिन सायं 5.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए । यह आदेश 06 जून 2024 तक प्रभावशील रहेगा ।

## तोमर परिवार ने किया अपने निवास पर होलिका दहन...



**नर्मदापुरम।** गिन्नी कंपाउंड स्थित डॉ. मयंक तोमर ने अपने निवास पर होलिका दहन किया. डॉ.तोमर ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से उनका परिवार बुराई पर अच्छाई की जीत केप्रतीक इस होली पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाते आ रहा है. इस अवसर पर प्रेमलता,जयसिंह तोमर, नरेंद्र, आरती, अमित, दीप्ति एकलव्य आदि लोग मौजूद थे.

इसके आलावा होली पर्व पर प्रभात बेला में कई स्थानों पर होलिका दहन किया गया. श्रद्धालुओं ने अपने घर से लकड़ी कंडे ले जाकर होली को समर्पित किए. अल सुबह जय जयकार के साथ होली दहन किया गया. नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली का उत्साह के साथ मनाया गया. ग्रामीणों ने वर्षों की परंपरा अनुसार होलिका दहन की पूर्व संध्या पर होलिका स्थल पर जाकर पूजा अर्चना की।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेभर में आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियां



**सीहोर ।** लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह के निर्देश पर जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं । मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है । इसी क्रम में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत इछावर में स्व सहायता समूह द्वारा सीएलएफ बैठक में समूह के सदस्यों को मतदान की शपथ दिलाई गई । सीएम राइस स्कूल आष्टा के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी के छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा मतदान की शपथ ली गई । सीएम राइस स्कूल आष्टा के 1000 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया गया ।

## विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में टीबी चैंपियन की कार्यशाला का आयोजन

**रायसेन ।** जिला क्षय केंद्र रायसेन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश खत्री के निर्देशन एवं डीटीओ डॉक्टर यशपाल बाल्यान के मार्गदर्शन में टीबी चैम्पियन एवम आशा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें टीबी से संबंधित बीमारी की पहचान एवं लक्षण को पेंटिंग के रूप में बनाया। जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ आरती गंगवार ने बताया कि 24 मार्च विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार साप्ताहिक पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उत्कृष्ट चित्रकला का प्रदर्शन करने वाली आशा बहनो और टीबी चैंपियन को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। विश्व क्षय दिवस के पखवाड़े मे 15 अप्रैल तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिससे टीबी उन्मूलन के लिए जन-जन तक प्रचार किया जा सकेगा ताकि समय रहते टीबी के लक्षणों की पहचान कर, उन्हें शासन की गाइड लाइन अनुसार इलाज मुहैया कराया जा सके। साथ ही एडल्ट बीसीजी टीकाकरण की जानकारी भी जानकारी दी जाएगी। ज्ञात हो कि रायसेन जिले में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी बीमारी से ग्रस्त लोगों में पिछले वर्ष की तुलना में 18त्न की कमी पाई गई । वर्ष 2022 में 2481 मरीज की तुलना में वर्ष 2023 में 2042 मरीजों मे टीबी बीमारी की पहचान कर उपचार दिया गया। जिले में 110 ग्राम पंचायत का चयन भी टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान अंतर्गत किया जा चुका है। जिले में एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान अंतर्गत 9984 हितग्राहियों को वैक्सीन भी लगई जा चुकी है जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में समस्त मैदानी कार्यकर्ताओं ,एनटीईपी कर्मचारियों को जिला क्षय अधिकारी द्वारा दिशा निर्देश दिए गए ।

# न्यायाधीश ने जेल निरीक्षण कर सुनी बंदियों की समस्या



**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशन में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार दांगी द्वारा जिला जेल सीहोर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया । जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री दांगी द्वारा बंदियों से चर्चा की गई तथा उनके प्रकरण के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई । बंदियों को सम्बंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति तथा अपील प्रस्तुति के सम्बंध में विस्तार से बताया गया । म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । उनके द्वारा बंदियों की समस्याओं को सुना गया एवं यथोचित परामर्श दिया गया ।

**मेट्रो एंकर** विदिशा,अशोकनगर के कलेक्टर एसपी सहित अन्य ने सुविधाओं की पूर्ति के लिए पहल की

# करीला मेला में श्रद्धालुगणों की सुविधाओं कोई खलल नहीं होने देंगे : कलेक्टर

**विदिशा , दोपहर मेट्रो**

होली रंगपंचमी पावन पर्व पर करीला में भरने वाले मेला में लाखों श्रद्धालुजन मां जानकी मंदिर में पूजा अर्चना व दर्शन के लिए शामिल होते हैं। आगंतुक श्रद्धालुगणों को किसी भी प्रकार की परेशानियां का सामना ना करना पड़े इसके लिए विदिशा व अशोक नगर जिला प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया गया है।

दो जिले क्रमशः विदिशा व अशोक नगर की सीमा पर स्थित माता जानकी लवकुश मंदिर करीला में श्रद्धालुगणों के लिए बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के तहत स्वास्थ्य, यातायात, पेयजल आपूर्ति, बिजली की आपूर्ति, परिवहन, पार्किंग के साथ-साथ खाद्य पदार्थो की आपूर्ति, सुरक्षा प्रबंध, फायर बिग्रेड, वॉलिटियर्स, कंट्रोल रूम, खोया-पाया केन्द्र के साथ-साथ अन्य प्रबंधो पर विचार विमर्श कर क्रियान्वित किया गया।

विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला तथा अशोकनगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी, व पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा मेला के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधो का जायजा ही नहीं लिया बल्कि क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस दौरान बतलाया गया कि विदिशा जिले के तरफ से आने वाले वाहन पार्किंग के लिए स्थलों का चिन्हांकन किया गया है। खुले मैदान में बनाए गए पार्किंग स्थलों तक वाहनो के आने जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए अस्थायी स्लोप भी बनाए गए है। सम्पूर्ण मेला अवधि तक यातायात में किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न ना हो इसके लिए एकांकी मार्ग चिन्हित किए गए है। अर्थात आने और जाने के मार्ग पृथक-पृथक होंगे। विभिन्न स्थलों पर सूचना पटल भी लगाए गए है ताकि श्रद्धालुगणों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।





### पता बताने वाले को 11000 रुपए का इनाम देंगे बीएसपी नेता

# एक सप्ताह से नपा सीएमओ का नहीं है अता-पता , गुमशुदा के पोस्टर चिपकाए

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।** विकासखंड में वैसे ही अधिकांश कार्यालय प्रमुखों काम प्रभारियों के भरोसे हो रहा है मुख्य नगर पालिका अधिकारी की कुर्सी पहले तो प्रभारी से चल रही




थी आचार संहिता के बाद सीएमओ की पोस्टिंग के आदेश हुए आमद देकर वह चलते बने पिछले एक सप्ताह सीएमओ की कोई खोज खबर नहीं है आमद के बाद अपनी जिम्मेदारी इन्होंने नहीं संभाली और प्रभारी सीएमओ ने कामकाज छोड़ दिया इस वजह से नगर पालिका की पूरी व्यवस्था चौपट हो गई है। जिला कलेक्टर से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस समस्या के समाधान के लिए किसी भी तरफ के प्रयास करते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं इस वजह से नगरीय क्षेत्र के लोगों को जरूर परेशान होना पड़ रहा है आखिर ऐसा क्यों हो रहा है । ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि सीएमओ की कुर्सी इतने दिनों तक खाली पड़ी रहे एक सप्ताह का समय बीत चुका है फिर भी सीएमओ की कुर्सी संभालने के लिए अधिकारी नहीं आ रहे हैं। अब तो उनकी गुमशुदगी के पोस्टर भी नगर में लगने लगे हैं।

#### इस तरह के हालात पहली बार बने

नगर पालिका सीएमओ की कुर्सी को लेकर खींचतान हो रही है, ऐसी स्थिति शायद पहली बार ही बनी बना रही है कि इतने दिनों तक कुर्सी पर जिम्मेदार बैठने को तैयार नहीं हो रहा है । इसके चलते नगरीय क्षेत्र की जनता जनार्दन को अपने छोटे से लेकर बड़े काम को करवाने के लिए जरूर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका में जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर नामांतरण बटवारा साफ सफाई के अलावा भवन निर्माण की अनुमति निर्माण कार्य करवाने से लेकर वित्तीय कामकाज भी पूरी तरह से बंद पढे हुए हैं । जल्दी ही सीएमओ की खाली कुर्सी भारी नहीं गई तो नगर पालिका में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का वेतन भी नहीं निकलेगा साथ ही जरूरी सेवाएं भी प्रभावित होने लगेगी। सामग्री भी उपलब्ध नहीं होने पर कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो जाएगा इसके अलावा इस साल बारिश काम होने के कारण पानी को लेकर किल्लत मची हुई है , इस समस्या के समाधान के लिए जो अभियान प्रारंभ किया गया है वहां भी पूरी तरह से चौपट हो जाएगा इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं। शायद किसी को आम आम जनता की समस्याओं से सरोकार नहीं है जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है।

#### जिम्मेदारों का कराया ध्यान आकर्षित

नगर वासियों की परेशानी को लेकर हमारे संवाददाता ने 2 दिन पहले ही नगर पालिका सीएमओ की कुर्सी खाली होने को लेकर समाचार प्रमुखता से प्रकाशित करके जिला कलेक्टर से लेकर स्थानीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान भी आकर्षित कराया पर किसी ने भी इस समस्या के समाधान की तरफकदम नही बड़ा है। सत्ता पक्ष की नगर पालिका है और इसी पक्ष के विधायक हैं इसके बाद भी ऐसे हालात बने हुए हैं। लापता के चिपकाए पोस्टर – रविवार को बीएसपी नेता तो तोष मंणी पंथी ने नगर पालिका कार्यालय से लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर सीएमओ लापता के पोस्टर लगाते हुए इनको ढूंढ कर लाने वाले व्यक्ति को अपनी तरफसे 11000 का इनाम देने की घोषणा भी की गई है। सीएमओ को खोजने के लिए अब ऐसे कदम भी लोगों को उठाने पड़ रहे हैं ।

#### इनका कहना है

*पिछ्ले कई दिनों से नगर पालिका में सीएमओ नहीं होने के कारण आम जनता के छोटे-छोटे काम नहीं हो रहे हैं। इस वजह से मैंने उनकी तलाश के करने वाले व्यक्ति को 11000 का इनाम देने के लिए पोस्टर लगाए यदि वह मिल जाएंगे तो आम जनता के काम होने लगेंगे ।*

*– **तोष मंणी पंथी,** बीएसपी नेता*

### खबर का असर

# टोरी बागरोद में नियम विरुद्ध जमे प्राचार्य की 2 दिन में डीईओ ने मांगी रिपोर्ट

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**


2 साल की प्रतिनियुक्ति पर आए शिक्षक, 5 साल से टोरी बागरोद में नियम विरुद्ध बने हैं प्राचार्य!

आदिम जाति कल्याण विभाग मंडला से 2 साल की प्रतिनियुक्ति पर माध्यमिक शाला के शिक्षक टोरी बागरोद हाई स्कूल में प्राचार्य की कुर्सी संभाल है। जिसका समाचार हमारे संवाददाता के द्वारा रविवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था खबर को संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए 2 दिन के अंदर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पूरे रिपोर्ट देकर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्राचार्य कुर्सी पर बिठाने के लिए भी इनके द्वारा गलत आदेश जारी करवाया है इसमें शिक्षक बिभाग के कई जिम्मेदारों की कहीं ना कहीं मिली भगत है तभी तो माध्यमिक शाला के शिक्षक को प्राचार्य की कुर्सी पर बिठा दिया गया है। यह पूरी तरह से गलत है, ऐसा करने वालों पर कठोरता कार्रवाई होनी चाहिए। जानकारी के अनुसार सिरोंज लटेरी क्षेत्र के कई स्कूलों में भी ऐसा ही कारनामा हुआ है पूरे मामले की जांच हुई तो बड़े गड़बड़ झाले पर से पर्दा उड़ सकता है। सबसे बड़ी बात तो है कि किनकी मिली भगत से इतने सालों से नियम वृद्धि काम चल रहा है। उसकी भी जांच होनी चाहिए जिन्होंने इस काम को नियम वृद्धि करवाया है यदि वहां दोषी है तो उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

#### इनका कहना है

खबर को संज्ञान में लेते हुए पूरे मामले की जांच रिपोर्ट 2 दिन के अंदर वी ई ओ को देने के निर्देश दिए हैं मैं खुद भी जाकर मामले की जांच करुंगा यदि गलत है तो कार्रवाई करेंगे।

**– रामकुमार ठाकुर**
जिला शिक्षा अधिकारी

### अवैध मदिरा की धर-पकड़ जारी

# मदिरा सहित पुलिस ने जब्त की मोटरसाइकिल



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा सघन जांच पड़ताल अभियान संचालित किया जा रहा है। आबकारी विभाग के अधिकारियों व अधीनस्थ अमले द्वारा सूचना तंत्र उन्नत कर चहुंओर चौकनी नजर रखी जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी विनय कुमार रंगशाही ने बताया कि अभियान के संचालन हेतु सहायक आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में विशेष कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। विभाग को गुप्त सूचनाओं के आधार पर प्राप्त जानकारियों के आधार पर अविलंब कार्यवाही को पूरा कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। सहायक आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि अभियान के तहत सोमवार 25 मार्च को आबकारी उप निरीक्षक सुनील कुमार चौहान द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर घाटखेड़ी चौराहा के पास की गई नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल वाहन से एक प्लास्टिक की बोरी मे 320 पाव प्रत्येक की धारिता 180- 180 एम एल कुल 57-6 बल्क ली. देशी मदिरा प्लेन बरामद की है। बरामद शुदा मदिरा व परिवहन में उपयोग की जा रही मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपीगण संतोष लोधी निवासी अहमदपुर कस्बा थाना सिविल लाइन विदिशा और दातार सिंह कुशवाहा निवासी अहमदपुर कस्बा थाना सिविल लाइन विदिशा के विरुद्ध केस दर्ज किया।

### सागर लोकसभा से गुड्डा राजा को कांग्रेस ने बनाया प्रत्याशी समर्थकों ने की आतिशबाजी



**सिरोंज।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा सागर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित करते हुए गुड्डा राजा को प्रत्याशी बनाया है। जिसके बाद युवक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र बघेल के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में सिनेमा चौराहे पर इन्हें प्रत्याशी बनाए जाने पर आतिशबाजी करके खुशियां मनाएं ओर कहा कि सागर से कांग्रेस पार्टी अच्छे वोटो से विजय प्राप्त करेगी जनता जनार्दन कांग्रेस को अपना आशीर्वाद प्रदान करेगी हम जनता के पास भाजपा की विफ्लताओं को लेकर जाएंगे।

### विदिशा-अशोक नगर कलेक्टर, एसपी सहित अन्य ने सुविधाओं की पूर्ति के लिए संयुक्त पहल

# करीला मेला में आगुंतकों की सुविधाओं में कोई खलल नहीं होने देंगे अफसर





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

होली रंगपंचमी पावन पर्व पर करीला में भरने वाले मेला में लाखों श्रद्धालुजन मां जानकी मंदिर में पूजा अर्चना व दर्शन के लिए शामिल होते हैं। आगंतुक श्रद्धालुगणों को किसी भी प्रकार की परेशानियां का सामना ना करना पड़े इसके लिए विदिशा व अशोक नगर जिला प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया गया है। दो जिले क्रमशः विदिशा व अशोक नगर की सीमा पर स्थित माता जानकी लवकुश मंदिर करीला में श्रद्धालुगणों के लिए बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के तहत स्वास्थ्य, यातायात, पेयजल आपूर्ति, बिजली की आपूर्ति, परिवहन, पार्किंग के साथ-साथ खाद्य पदार्थो की आपूर्ति, सुरक्षा प्रबंध, फायर बिग्रेड, वॉलिटियर्स, कंट्रोल रूम, खोया-पाया केन्द्र के साथ-साथ अन्य प्रबंधो पर विचार विमर्श कर क्रियान्वित किया गया। विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला तथा अशोकनगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी, व पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा मेला के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधो का जायजा ही नहीं लिया बल्कि क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस दौरान बतलाया गया कि विदिशा जिले के तरफसे आने वाले वाहन पार्किंग के लिए स्थलों का चिन्हांकन किया गया है। खुले मैदान में बनाए गए पार्किंग स्थलों तक वाहनो के आने जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए अस्थायी स्लोप भी बनाए गए है। सम्पूर्ण मेला अवधि तक यातायात में किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न ना हो इसके लिए एकांकी मार्ग चिन्हित किए गए है। अर्थात आने और जाने के मार्ग पृथक-पृथक होंगे। विभिन्न स्थलों पर सूचना पटल भी लगाए गए है ताकि श्रद्धालुगणों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

## जिलेभर में आयोजित की जा रहीं हैं मतदाता जागरूकता गतिविधियां

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा आम निर्वाचन में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### बूथ स्तर पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने अभियान चलेगा

# बूथ विजय अभियान अंतर्गत विधायक शर्मा ने किया स्थानीय खिलाड़ियों से संवाद




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा द्वारा चलाऐ जा रहे बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत रोजना नित नये कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अभियान के तहत लोगों से संवाद स्थापित कर बूथ स्तर पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रात्रि में गणेश सदन में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने शहर के विभिन्न खिलाड़ियों से भेंट कर उनसे संवाद स्थापित कर पटका उड़ाकर स्वागत किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राम राम खिलाड़ियों से कही।

#### राष्ट्रहित में कार्य करे सभी खिलाड़ी

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी खिलाड़ियों से संवाद स्थापित करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राम राम कहते हुए कहा कि लोकतंत्र का महान पर्व लोकसभा चुनाव आने वाला है। हम सब खिलाड़ी राजनैतिक द्वेष त्यागकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने हेतु खेल भावना से इसमें भाग लेते हुए रार्ष्ट्रहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेलो भारत वर्ष नीति बनाकर सम्पूर्ण विश्व में देश का नाम रोशन किया है। हमारे देश के सभी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से चीन, अमेरिका, रूस आदि देशों के खिलाड़ियों से भी आगे निकल रहे हैं। आप सभी अपने खेल और कौशल में निखार लाकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करें ऐसी मेरी कामना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के प्रतिभावान खिलाड़ी उपस्थित रहे।



# मियामी ओपन टेनिसः कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना अंतिम-16 में

## सबालेंका, ओस्टापेंको और जेब्योर उलटफेर का शिकार

**मियामी, एजेंसी**

मियामी. दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका यहां खेले जा रहे मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम-32 में उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गईं। उनके अलावा, ट्यूनीशिया की छठी वरीय ओंस जेब्योर और लत्विया की जेलेना ओस्टापेंको की चुनौती भी अंतिम-23 में खत्म हो गई। हालांकि चौथी सीड कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना अंतिम-16 में पहुंच गईं। दूसरी वरीय सबालेंका को यूक्रेन की 32वीं वरीय खिलाड़ी अनहेलिना कालिनीना ने 6-4, 1-6, 6-1 से शिकस्त दी। ट्यूनीशियाई खिलाड़ी जेब्योर को रूस की गैरवरीय एलिना अवनेस्यान ने 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। लात्वियाई खिलाड़ी ओस्टापेंको को रूस की 22वीं वरीय अना कालिंस्काया के खिलाफ 3-6, 1-6 से हार मिली।



## इधर, स्विस ओपन बैडमिंटन - श्रीकांत सेमीफाइनल में हारे, चीनी ताइपे के लिन और तिएन में फाइनल



**बासेल.** स्विस ओपन का पुरुष एकल खिताब चीनी ताइपे के नाम पक्का हो गया है क्योंकि फाइनल में पहुंचने वाले दोनों खिलाड़ी इसी देश के हैं। खिताबी मुकाबले में लिन चुन और चोयू तिएन चेन के बीच भिड़ंत होगी। सेमीफाइनल में चोयू ने डेनमार्क के रास्मस गेमेक को शिकस्त दी। भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत का स्विस ओपन बैडमिंटन में सफर सेमीफाइनल में हार के साथ खत्म हो गया। पुरुष एकल के अंतिम-चार मुकाबले में श्रीकांत कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाड़ी लिन चुन के खिलाफ 21-15, 9-21, 18-21 से हार गए।

### इंडियन प्रीमियर लीग का 7वां मैच चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच होगा

# आईपीएल में आज पिछले बार की फाइनलिस्ट टीमों का मुकाबला

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 7वां मुकाबला आज यानी मंगलवार को पिछले बार की फाइनलिस्ट चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस की बीच खेला जाएगा। मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम 7 बजे होगा। लीग का पिछला यानी 2023 का फाइनल इन्हीं दोनों टीमों के बीच खेला गया था, जहां ष्टस्य ने त्नञ्ज को पांच विकेट से हरा 5वीं बार खिताब जीता था।

### सीजन जीत से आगाज

दोनों टीमों का इस सीजन में यह दूसरा मैच होगा। दोनों ने ही जीत से आगाज किया है। सीएसके ने अपने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और जीटी ने मुंबई इंडियंस को हराया था। सीएसके इस लीग की सबसे सफल टीम है। चेन्नई ने पांच बार लीग टाइटल जीता है और 10 बार फाइनल मुकाबला खेली है। दूसरी तरफ अपना तीसरा सीजन खेल रही जीटी का भी पिछला दो सीजन शानदार रहा है। टीम ने अपने पहले ही सीजन 2022 में टाइटल जीत जीता था। वहीं पिछले साथ 2023 में फाइनल तक का सफर तय की, जहां उसे सीएसके से हार का सामना करना पड़ा।



### सीएसके पर भरी रही है जीटी

गुजरात हेड टु हेड में भी चेन्नई पर भरी रही है। अब तक दोनों के बीच कुल 5 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें 3 बार गुजरात और 2 बार चेन्नई को जीत मिली है। पिछले दो मुकाबलों में चेन्नई जीती है। ष्टस्य और त्नञ्ज के बीच चेन्नई में एक मैच खेला गया है। इसमें ष्टस्य 15 रन से जीत मिली थी।

### मुस्तफिजुर रहमान सीएसके के टॉप विकेटटेकर

चेन्नई के लिए पहले मैच में जीत के हीरो मुस्तफिजुर रहमान रहे थे। उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 4 विकेट लिए थे। वह इस सीजन टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। चेन्नई की ओर से इस मैच में सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया था। जिसमें रचिन रवींद्र टॉप रन स्कोरर हैं।

### जीटी के लिए सुदर्शन ने सबसे ज्यादा रन बनाए

गुजरात की तरफ से पहले मैच में साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 45 रन की पारी खेली थी। उनके अलावा कप्तान शुभमन गिल ने 31 रन की पारी खेली थी। त्नञ्ज की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की लिस्ट में स्पेंसर जॉनसन टॉप पर हैं।

### दोनों टीमों के नए कप्तान

चेन्नई और गुजरात दोनों टीमों के इस सीजन नए कप्तान चुने गए हैं। सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीजन के पहले से पहले ही कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौपने का फैसला किया। इस तरह सीएसके के कप्तान गायकवाड हैं। दूसरी ओर हार्दिक पंड्या के मुंबई इंडियंस चले जाने के बाद त्नञ्ज ने शुभमन गिल को अपना नया कप्तान बनाया है।

### कार्तिक ने चौका लगाकर मैच जिताया, रावत ने पकड़ा एक हाथ से कैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सोमवार को पंजाब ने 176 रन बनाए। बेंगलुरु ने 4 गेंद बाकी रहते 6 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया। मैच के दौरान एक फैन स्टेडियम के अंदर घुस आया और विराट कोहली के पैर पकड़ने लगा। दिनेश कार्तिक ने 10 बॉल पर 28 रन बनाए और चौका लगाकर टीम को मैच जिता दिया। वहीं ऋष्क्रके विकेटकीपर अनुज रावत ने जम्प लगाकर एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया। प्रभसिमरन सिंह ने पंजाब किंग्स के लिए 25 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के लगाए, जिनमें एक हेलीकॉप्टर शॉट भी रहा। 7वें ओवर की चौथी गेंद पर कैमरन ग्रीन ने मिडिल स्टंप लाइन पर फुलर लेंथ बॉल फेंकी। प्रभसिमरन खड़े रहे और गेंद को उसी तरह फ्लिक किया जैसे एमएस धोनी हेलीकॉप्टर शॉट खेलने के दौरान करते हैं। गेंद प्रभसिमरन के बल्ले से लगकर छक्के के लिए चली गई। तेज बाउंसर पर अनुज रावत ने स्टंप के पीछे एक हाथ से उनका शानदार कैच लपका। पंजाब की इनिंग्स के 18वें ओवर की 5वीं गेंद पर सैम करन बड़ा शॉट खेलना चाह रहे थे, क्योंकि पंजाब को एक मजबूत फिनिश की जरूरत थी।

## आईपीएल रिकॉर्ड

# विराट कोहली 50 से ज्यादा हाफ सेंचुरी लगाने वाले दूसरे बैटर बने



**नईदिल्ली, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल के छठे मुकाबले में पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। पंजाब ने 20 ओवर में 176 रन बनाए। बेंगलुरु ने 20वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने टूर्नामेंट में अपना 51वां अर्धशतक जमाया। वे आईपीएल में 50 से ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले दूसरे बैटर और पहले भारतीय बने। विराट टी-20 में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय भी बन गए। उन्होंने सुरेश रैना को पीछे किया। विराट कोहली ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना 51वां अर्धशतक जमाया। वे 50 से ज्यादा फिफ्टी जमाने के रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। उनसे ज्यादा 61 फिफ्टी ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने लगाई हैं। भारतीयों में विराट टॉप पर हैं, उनके बाद शिखर धवन ने 50 अर्धशतक लगाए हैं। विराट टी-20 क्रिकेट में 100 बार 50+ स्कोर बनाने वाले पहले भारतीय विराट कोहली के ओवर टी-20 क्रिकेट में 100 बार फिफ्टी प्लस स्कोर हो गए। वे ऐसा करने वाले भारत के पहले और दुनिया के तीसरे बैटर बने। दुनिया में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। गेल ने 455 इनिंग्स में 110 बार 50+ स्कोर बनाया है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर हैं। टी-20 क्रिकेट में इंटरनेशल, डोमेस्टिक और लीग क्रिकेट तीनों शामिल हैं। 50+ स्कोर में सेंचुरी भी शामिल होती है। अगर स्कोर 99 रन है तो वह अर्धशतक और 50+ स्कोर है। लेकिन अगर स्कोर 101 रन है, तो वह शतक में गिना जाएगा, लेकिन 50+ स्कोर भी कहलाएगा। विराट कोहली टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय प्लेयर बन गए। उन्होंने पंजाब के खिलाफ एक कैच लेने के साथ ही 173 कैच पूरे कर लिए। उनसे पहले यह रिकॉर्ड सुरेश रैना के नाम था। रैना ने 377 मैचों में 172 कैच लिए हैं।



## मेट्रो बाजार

# भारत बन रहा निवेश की पहली पसंद

**नईदिल्ली, एजेंसी**

डब्ल्यूईएफ में वित्तीय और मौद्रिक प्रणाली केंद्र के प्रमुख मैथ्यू ब्लैक ने कहा, भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक रहा है और निवेशकों ने यहां पैसा बनाया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत को एक आकर्षक निवेश ठिकाना बताया है। अधिकारी ने कहा कि दिवालियापन कानून और कराधान संहिता जैसे नीतिगत बदलाओं और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से तैयार सक्षम वातारण से भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए एक बहुत ही बढ़िया निवेश स्थान बन गया है। डब्ल्यूईएफ में वित्तीय और मौद्रिक प्रणाली केंद्र के प्रमुख मैथ्यू ब्लैक ने कहा, भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक रहा है और निवेशकों ने यहां पैसा बनाया है। वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र (जिसे फिनटेक भी कहा जाता है) उन कंपनियों से बना है जो वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करती हैं। हालांकि, ब्लैक ने यह भी कहा कि चूंकि बाजार पूरी तरह से एक सीध में नहीं चलते हैं और उतार चढ़ाव की संभावना होती है, इसलिए निवेशकों को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, इसलिए एक जानकार निवेशक, एक विविध निवेशक होने और ऐसा करने के लिए शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच रखने का विचार वास्तव में मौलिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) है। डब्ल्यूईएफ के मंच सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन (सी4आईआर) की कार्यसमिति के सदस्य सेबस्टियन बकुप ने कहा कि भारत में अंतरिक्ष को लेकर उत्साह दुनियाभर से प्रतिभाओं को आकर्षित कर रहा है और उन्हें व्यवसाय शुरू करने और क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित कर रहा है। सी4आईआर ने पिछले सप्ताह भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कार्यक्रम शुरू किया। इसका मकसद अंतरिक्ष में रुचि रखने वाले विभिन्न देशों के बीच वैश्विक सहयोग बनाया जा सके, क्योंकि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष के क्षेत्र में कुछ करने की इच्छा रखने वाले छोटे और महत्वाकांक्षी देशों के लिए भारत को एक आदर्श, एक प्रकाशस्तंभ के रूप में देखा जाता है। ये देश भारत की सहायता भी चाहते हैं। इस क्षेत्र में डब्ल्यूईएफ दोनों पक्षों के बीच एक कड़ी का काम करना चाहता है।

## टीसीएस का मार्केट-कैप एक हफ्ते में 1.10 लाख करोड़ गिरा, टॉप-10 कंपनियों में से 5 की वैल्यू गिरी

**मुंबई, एजेंसी।** मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मार्केट कैप पिछले हफ्ते 1,10,134.58 करोड़ गिरा है। अब कंपनी का मार्केट कैप ?14.16 लाख करोड़ रह गया है। एक हफ्ते पहले यह 15.26 लाख करोड़ था। इस दौरान देश की टॉप-10 कंपनियों में से 5 की वैल्यूएशन में कंबाइन रूप से 1.98 लाख करोड़ की गिरावट आई। टेक कंपनी इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में इस दौरान 52,291.05 करोड़ और 16,834.82 करोड़ की कमी आई है। वहीं, वैल्यूएशन के हिसाब से सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मार्केट कैप इस एक हफ्ते में 49,152.89 करोड़ बढ़कर 19.69 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भारती एयरटेल और आईसीसी बैंक के मार्केट कैपिटलाइजेशन ने बढ़ोतरी हुई है। पिछले हफ्ते सेंसेक्स में 188.51 पॉइंट्स या 0.25त्न की तेजी रही थी। वहीं, हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 22 मार्च को सेंसेक्स 190 अंक की बढ़कर 72,831 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 84 अंक की तेजी रही, ये 22,096 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिली थी।




**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बनी ऑस्कर नॉमिनेटेड डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा बनीं



ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आए दिन खबरों में बनी रहती हैं. वहीं अब एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ एक गूड न्यूज शेयर की है. देसी गर्ल अब ऑस्कर-नॉमिनेटेड फिल्म 'टू किल अ टाइगर' का हिस्सा हैं. इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी है. प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में अब वह ऑस्कर-नॉमिनेटेड फिल्म टू किल अ टाइगर की टीम में शामिल हो चुकी हैं. इस गुड न्यूज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी खुशी जाहिर की है. उन्होंने लिखा कि मुझे ये घोषणा करते हुए काफी गर्व महसूस हो रहा है कि अब मैं भी ऑस्कर-नॉमिनेटेड फिल्म टू किल अ टाइगर का हिस्सा हूं. इस फिल्म के राइट्स नेटफिलक्स ने खरीद लिए हैं. जब साल 2022 में मैंने पहली बार यह फिल्म देखी तो मैं तुरंत इसकी दर्द भरी कहानी से प्रभावित हो गई, जिसमें अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए एक पिता के बहादुरी भरे संघर्ष को दर्शाया गया है।

### कहा- 'मैं इंतजार नहीं कर सकती'

प्रियंका लिखती हैं कि इसकी कहानी वाकई में हार्ट हिटिंग है. मेरा जन्म भी झारखंड में हुआ था. ऐसे में एक बेटी और पिता की कहानी को देख मैं टूट गई. इस कहानी को जानने के लिए दुनिया भर के दर्शकों का मैं इंतजार नहीं कर पा रही हूं.

**जीता ये खास अवॉर्ड:** डॉक्यूमेंट्री 'टू किल अ टाइगर' 10 सितंबर साल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था. बता दें कि टू किल ए टाइगर भारत की इकलौती ऐसी फिल्म है जो ऑस्कर में बेस्ट डाक्यूमेंट्री श्रेणी के लिए नॉमिनेट हुई है. इतना ही नहीं टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी इस फिल्म प्रीमियर हुआ था और यहां फिल्म ने बेस्ट कनाडाई फीचर फिल्म के लिए एम्पलीफाई वॉयस अवॉर्ड जीता था.


**दर्दनाक है फिल्म की कहानी:** फिल्म में 13 साल की छोटी सी बच्ची की दर्दनाक कहानी दिखाई गई है, जहां तीन लोग मिलकर उसका रेप कर देते हैं. वहीं पिता अपनी 13 साल की बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए हर संभव कोशिश करता है. बता दें कि ये कहानी झारखंड में रहने वाली एक छोटी सी बच्ची की है।

## 300 रुपए में अभिनेता अक्षय खन्ना को एक्टिंग सिखाते थे अनूप सोनी





अनूप सोनी ने बताया कि उन्होंने अक्षय खन्ना को एक्टिंग सिखाई है और उनके टीचर रहे हैं?। अनूप ने बताया कि जब उन्हें कम काम मिल रहा था तो किशोर नमित के संस्थान से जुड़े। एकटर के मुताबिक, वह एक एक्टिंग क्लास के लिए 300 रुपये फीस लेते थे। एक्टर अनूप सोनी ने 1999 में फिल्मों में कदम रखे थे, जबकि अक्षय खन्ना 1997 में फिल्मों में आए थे। इसके बावजूद परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि अनूप सोनी ने अक्षय खन्ना को एक्टिंग सिखाई थी। वह उनके एक्टिंग टीचर रहे और एक क्लास के लिए 300 रुपये फीस लेते थे। अनूप सोनी ने हाल ही एक इंटरव्यू में खुद इसका खुलासा किया। फिल्मों में एंट्री से पहले अनूप सोनी ने टीवी पर काम किया था। एनएसडी से पास होने के बाद उन्होंने 1994 में टीवी की दुनिया में कदम रखे। 'शांति', 'तहकीकात' और 'सी हॉक्स' जैसे टीवी सीरियलों से वह नाम कमा चुके थे। फिर ऐसा वक्त आया, जब अनूप सोनी को एक्टिंग के कम मौके मिलने लगे। तब वह एक्टिंग टीचर बन गए थे। अनूप सोनी ने बताया, मैं बहुत बेचैन आत्मा हूं। मुझे खाली बैठना पसंद नहीं है। मुझे हमेशा कुछ न कुछ करने की जरूरत महसूस होती है। जब मैं नया था, तब मोबाइल फोन नहीं थे, हम पीसीओ पर कॉल करते थे। इसलिए, अगर मैं एक दिन में तीन कॉल करता, और वो मुझे अगले हफ्ते वापस कॉल करने के लिए कहते, तो मुझे पता चल जाता कि अब मेरे पास पूरे दिन कुछ करने के लिए नहीं है। मैं और मेरे दोस्त ट्रेन में चढ़ते और समय बिताने के लिए मरीन ड्राइव पर चले जाते। लेकिन फिर मैंने खुद से कहा कि यह मैं हर दिन नहीं कर सकता। मुझे अपने दिमाग को बिजी रखने के लिए कुछ करना होगा।



## शाहिद कपूर को ऑफर हुई थी 'रंग दे बसंती', एक्टर ने ठुकराई थी फिल्म

शाहिद ने एक खुलासा किया कि उन्हें राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म 'रंग दे बसंती' ऑफर हुई थी। लेकिन शाहिद वो फिल्म नहीं कर पाए थे। ऑफर मना करने पर एक्टर को काफी अफसोस भी हुआ था। शाहिद कपूर बॉलीवुड के सफल एक्टर्स में से एक हैं। शाहिद ने बतौर बैकग्राउंड डांसर अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन आज वे एक बड़े मुकाम पर पहुंच चुके हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा- मुझे 'रंग दे बसंती' फिल्म न करने का बहुत अफसोस है। डायरेक्टर चाहते थे कि मैं फिल्म में सिद्धार्थ की भूमिका निभाऊं। मैं स्क्रिप्ट पढ़ते समय रोया था और मुझे स्क्रिप्ट काफी पसंद भी आई थी। लेकिन दुर्भाग्य से मैं इसके लिए समय नहीं निकाल सका। क्योंकि मैं उस दौरान दूसरे 2-3 प्रोजेक्ट्स में व्यस्त था। हालांकि बाद में जब मैंने 'रंग दे बसंती' देखी, तो मुझे फिल्म काफी अच्छी लगी। शाहिद कपूर हाल ही में फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ कृति सेनन थीं। फिल्म की राइटिंग और डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना शाह की जोड़ी ने मिलकर की। रोबोट-साइंटिस्ट के बीच प्यार पर आधारित इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिला। पिछले साल, शाहिद ने राज और डीके की क्राइम थ्रिलर सीरीज 'फर्जी' के साथ डिजिटल स्पेस में कदम रखा, जो सबसे सफल वेब सीरीज में से एक बन गई थी। एक्टर जल्द ही पूजा हेगड़े के साथ 'देवा' फिल्म में नजर आएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, एक साल के मासूम की मौत


**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित हमीदखेड़ी जोड़ पर कल शाम बाइक सवार दंपती को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर दंपती और उनके एक साल के मासूम बेटे को गंभीर चोट आई थी। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के कुछ देर बाद ही मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। हादसे के समय दंपती होली मनाकर घर लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया। हेड कांस्टेबल राम निवास ओझा ने बताया कि दीपक वंशकार गांव पुराखाना बैरसिया में रहते हैं। उनकी ससुराल खमखाड़े में हैं। सोमवार सुबह वह पत्नी और एक साल के बेटे शुभम के साथ ससुराल खामखेड़ा गए थे। वहां से शाम करीब छह बजे के आसपास ससुराल से लौट रहे थे, तभी हमीदखेड़ी जोड़ पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दंपती बाइक समेत गिर गए?थे। इस दौरान दंपती को गंभीर चोट आई?थी। टक्कर लगने से दीपक की पत्नी के हाथ से शुभम छूट गया था और वह भी सड़क पर गिरा था। सभी को स्थानीय लोग अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां कुछ ही देर बाद शुभम को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।



फाइल फोटो

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत


फाइल फोटो

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित दामखेड़ा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी तबीतय बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार मनीषा बुनकर पति राकेश बुनकर (30) दामखेड़ा कोलार में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति प्राइवेट काम करता है। पति ने बताया कि सोमवार सुबह मनीषा की तबीयत अचानक बिगड़ गई?थी। वह उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां कुछ देर चले इलाज इलाज के बाद मनीषा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उसके मुंह से झाग निकलने के कारण अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत किसी जहरीला पदार्थ खाने से हुई है।

### पुलिस बोली - होली है.....


भोपाल। राजधानी के नेहरू नगर पुलिस लाइन में पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आज सुबह जमकर खेली होली।

### आधा दर्जन लोगों पर प्रकरण दर्ज, कई शराब बोतले बरामद

# ड्राय-डे के दिन शराब बेचने वाले तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राजधानी पुलिस ने धुलेंडी के दिन अवैध रूप से शराब बेचने वाले आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की है। धुलेंडी को ड्राई डे होने के बाद भी लोगों को शराब मुहैया करा रहे थे।**

कमला नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बापू नगर कॉलोनी में एक महिला अपनी झुग्गी में अवैध रूप से शराब बेच रही है। सूचना के बाद हरकत में आई?पुलिस ने बापू नगर झुग्गी की घेराबंदी की और वहां रहने वाली मुस्कान बानों पति आसिफ अली (36) की झुग्गी की तलाशी ली। झुग्गी की तलाशी लेने पर वहां से अस्सी क्वार्टर देशी शराब मिली। कमला नगर पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई सबरी नगर मल्टी में की। यहां रहने वाले आदर्श उर्फअत्तु गवई पिता सुरेश गवई (21) के फ्लैट की तलाशी लेने पर पुलिस ने 23 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। इसी तरह पिपलानी पुलिस ने आनंद नगर निवासी सौरभ गौर पिता मिथलेश गौर (41) निवासी पिपलानी को गिरफ्तार कर उसके पास से 28 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। अयोध्या नगर पुलिस ने सोमवार दोपहर टनाटन ढाबा के पास से चंद्रभान पिता भैयाराम (24) निवासी अयोध्या नगर को गिरफ्तार करउसके पास से 22 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। अयाध्या नगर पुलिस ने सोमवार शाम एक अन्य कार्रवाई अयोध्या नगर तिराहा पर विनोद कुमार राठौर पिता धनीराम (26) निवासी अशोका गार्डन पर की। पुलिस ने उसके पास से 24 क्वार्टर देशी शराब जब्त की।



#### मिसरोद पुलिस ने भी की दो कार्रवाई

मिसरोद पुलिस ने बताया कि जाटखेड़ी से मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए वहां से सीहोर निवासी करन मर्सकोले पिता राम विलास मर्सकोले को (23) को गिरफ्तार कर उसके पास से 23 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। मिसरोद पुलिस ने भवानी नगर में भी आबकारी एक्ट की कार्रवाई करते हुए पवन शर्मा पिता मोहन शर्मा (20) निवासी भवानी नगर को गिरफ्तार कर 19 क्वार्टर देशी शराब जब्त की है।



### तेज रफ्तार कर रेलिंग तोड़कर नहर किनारे घुसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गौरी शंकर आवासीय परिसर कटारा हिल्स में सोमवार शाम तेज रफ्तार कार रेलिंग तोड़कर नहर किनारे जा घुसी। हादसे के बाद कर में मौजूद सभी युवक निकलकर भाग गए। हादसा इतना खतरनाक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। वही कार में लगा सीएनजी टैंक निकलकर बाहर आ गया।

### धुलेंडी में गदर कर रहे युवकों ने आरक्षक से की झूमाझटकी, वर्दी फटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में धुलेंडी में गदर कर रहे युवकों ने आरक्षक के साथ झूमाझटकी कर दी। इससे आरक्षक की वर्दी फट गई। दरअसल, युवक आपस में विवाद कर रहे थे और घायल हो गए थे। पुलिस उन्हें मेडिकल के लिए ले जा रही थी, तभी आकाशवाणी चौराहा पर आरोपी पुलिस से छूटकर भागने लगे। पुलिस ने युवकों को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपियों ने आरक्षक के साथ झूमाझटकी कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और शासकीय आदेश का उल्लंघन करने का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आरक्षक सौरभ गुर्जर, श्यामला हिल्स थाने में पदस्थ हैं। उसकी सोमवार को दिन ड्यूटी थी। वह ड्यूटी पर था। इस दौरान सूचना मिली कि आकाशवाणी चौराहा पर कुछ युवकों को आपस में विवाद हो गया है और मारपीट होने से दोनों घायल हो गए है। आरक्षक सौरभ और एक अन्य आरक्षक वहां पहुंचा था। आरोपियों को थाने ले जाया जा रहा था। वहां से उनका मेडिकल कराना था। इससे पहले ही आरोपियों ने आकाशवाणी चौराहा से दौड़ लगा दी और और वह सीएम हाउस के गेट नंबर दो तक पहुंच गए। उनका पीछा कर रहे सौरभ ने पकड़ लिया तो आरोपियों ने उससे झूमाझटकी कर दी। झूमाझटकी से आरक्षक की वर्दी फट गई।

**मेट्रो एंकर** | क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास कल दोपहर हुआ हादसा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग और साथी की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास घायल अवस्था में मिले बाइक सवार बुजुर्ग और उसके साथी की अस्पताल में मौत हो गई। उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी या फिर वह स्वयं गिरे इसकी जांच की जा रही है। हालांकि बाइक सामने से क्षतिग्रस्त मिलने के कारण अनुमान है कि उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास सड़क पर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार नर्मदा प्रसाद पिता मनपाल (53) बरेला गांव, लालघाटी कोहेफिजा में रहते थे। सोमवार को वे इलाके में रहने वाले 70 साल के राजेंद्र सिंह के साथ धुलेंडी मनाने के लिए निकले थे। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास उन्हें गंभीर रूप से घायल अवस्था में क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास पड़ा देखा गया। दोनों सड़क पर पड़े हुए थे और कुछ दूरी पर उनकी बाइक भी पड़ी थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



#### घटना की किसी को नहीं जानकारी

धुलेंडी का त्यौहार होने के कारण सड़क पर आवाजाही कम थी। जिस समय हादसा हुआ उस समय किसी ने उन्हें देखा नहीं था। बाद में कुछ लोगों ने घायल अवस्था में देखकर उनके पास मिले मोबाइल से परिजन से संपर्क किया था। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। दोनों को गंभीर चोट थी और उनकी जान नहीं बच सकी।

### भूसे से भरा ट्रैक्टर नाले में घुसा, एक की मौत, दूसरा घायल

**भोपाल।** बिलखरिया थाना क्षेत्र सिथत पढरिया जाट और ग्राम बावड़िया खुर्द के बीच कल शाम भूसे से भरा ट्रैक्टर नाले में जा घुसा। इस हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद युवक घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

हेड कांस्टेबल वासेखान ने बताया कि सत्यदेव पिता ओम प्रकाश मूलत~उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह भूसा खरीदने और बेचने का काम करता है। कल सोमवार शाम वह अपने साथी राजजी यादव (40) गांव ताखा, थाना गड़वाल, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश के साथ भूसा खरीदने के बाद ट्रैक्टर से ले जा रहा था। ट्रैक्टर रामजी चल रहा था और वे गांव पढरिया जाट और बावड़िया खुर्द के बीच सड़क पर पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाले में जा घुसा। इस हादसे में रामजी को गंभीर चोट आई?थी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022